

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 301 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 08 अगस्त 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया


## पार्थ के खिलाफ लगातार आक्रमण, कुणाल को चेतावनी दीया गया टीएमसी की तरफ से।

**समाज जागरण कोलकाता (सुमित पालित)**



कोलकाता( बंगाल )कुछ दिन पहले तृणमूल कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूर्व शिक्षा मंत्री और मौजूदा उद्योग मंत्री पार्थ चट्टोपाध्याय को मंत्रालय और व्यावहारिक रूप से पार्टी से निष्कासित कर दिया था, लेकिन निष्कासन कितना भी हो, तृणमूल कांग्रेस ने पार्टी का अपमान बर्दाश्त नहीं किया. पूर्व मंत्री पार्थ चट्टोपाध्याय ईडी की हिरासत और जेल हिरासत के बाद तृणमूल प्रवक्ता कुणाल घोष पार्थ चटर्जी पर हमला करते नजर आए हैं, जिससे तृणमूल के प्रदेश सचिव और प्रवक्ता कुणाल घोष को पार्टी प्रतिबंध का सामना करना पड़ा है. सूत्रों के मुताबिक, कुणाल को तृणमूल ने 'सेंसर' कर दिया है।उन्हें पार्थ के बारे में अपना मुंह बंद रखने का आदेश दिया गया है।विशेष रूप से, पार्थ की 14 दिन की जेल हिरासत का आदेश देने के बाद, कुणाल घोष ने कहा, 'पार्थ चट्टोपाध्याय को जेल में प्रवेश करना चाहिए और देखना चाहिए कि कैसा लगता है। जैसे मैंने अपना जीवन कैद में बिताया। जब मैंने साजिश की बात की तो इस पार्थ चटर्जी ने मुझे पागल कहा। उन्होंने मुझे पार्टी विरोधी कहा क्योंकि मैंने कोई अपराध नहीं किया।अब देखिए कैसा लगता है। जैसा मेरे साथ था, वैसा ही पार्थर के साथ रहने दो। एक नागरिक के रूप में कारावास के नियम ने मेरे लिए काम किया, मुझे आशा है कि यह उसके लिए भी काम करेगा।' इस टिप्पणी के ठीक बाद कुणाल को तृणमूल ने सेंसर कर दिया था। यह तृणमूल नेता दरअसल पार्टी के दबाव में आ गया।

## बिहार में सरकार बदलने की सियासी खेल शुरू,जेडीयू ने अपने एमएलए,एमपी की बैठक बुलाई।

पटना( बिहार हेड राजेंद्र कुमार पांडेय की रिपोर्ट ) समाज जागरण



पटना:सावन के इसी महीने में बिहार के अंदर जबरदस्त सियासी खेल होने की संभावना जताई जा रही है। सियासी गलियारे में लगातार इस बात की चर्चा भी है। नीतीश और तेजस्वी की मुलाकात को लेकर जो खबरें आए उसके बाद यह तय माना जा रहा है कि बिहार में गठबंधन बदलने और सत्ता परिवर्तन का कोई खेल इस बार क्लाइमेक्स तक तो पहुंच जाएगा। ऐसे में बड़ी खबर जनता दल यूनाइटेड के अंदर खाने से आ रही है। खबर यह है कि उन्हें अपने विधायकों और सांसदों को महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए बुलाया है। आधिकारिक तौर पर अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को पार्टी के विधायकों और सांसदों की बैठक बुलाई गई है। हालांकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसदों के साथ अलग से होने वाली इस बैठक का एजेंडा भी अब तक क्लियर नहीं किया गया है। बिहार में मौजूदा राजनीतिक हलचल के बीच एक तरफ जहां जेडीयू के विधायकों और सांसदों की बैठक बुलाए जाने की खबर है तो वहीं दूसरी तरफ पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने भी अपने विधायकों की बैठक बुला ली है। हम के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक पार्टी के विधायकों की बैठक 9 अगस्त को बुलाई गई है। 9 अगस्त की शाम पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के आवास पर यह बैठक होगी। बैठक में बिहार के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य को लेकर चर्चा होनी है। हालांकि हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा ने स्पष्ट किया है कि वह बीजेपी का साथ नहीं छोड़ने जा रही। मोर्चा के नेता दानिश रिजवान का कहना है कि वह बीजेपी और एनडीए एलाइंस के साथ बने हुए हैं।

पार्टी नेतृत्व की तरफ से विधायकों और सांसदों की बैठक बुलाए जाने की चर्चा जेडीयू के अंदर खूब हो रही है। हालांकि कोई भी विधायक अभी यह बता पाने की स्थिति में नहीं है कि बैठक कितने बजे बुलाई गई है। पहले चर्चा थी कि सोमवार की शाम विधायकों के साथ किसी महत्वपूर्ण मसले पर चर्चा होगी। लेकिन बाद में बैठक को मंगलवार के लिए बढ़ाने की खबर आई है।

## सीएम योगी आज मैट्रो परियोजना का करेंगे निरीक्षण

आगरा! प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी कल सोमवार को यहां आ रहे हैं।

जिला प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री राजकीय विमान से मध्यान्ह 12 बजे खेरिया हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। आगमन के तुरंत बाद वे दोपहर 12:15 बजे कमिश्नरी चौराहे पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली का झंडा दिखाकर शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री 12:30 बजे मेट्रो डिपो पहुँच कर मेट्रो रेल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण और वृक्षारोपण करेंगे। इसके बाद दोपहर 12:45 बजे वे भाजयुमो के प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होंगे। वे लगभग एक घण्टे तक प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह में रहेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर दो बजे राजकीय विमान से लखनऊ वापस लौट जायेंगे।



## हर घर तिरंगा अभियान : नूंह के ऐतिहासिक स्थानों पर 8 व 9 को सजेगा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंच

### 'हर घर तिरंगा' थीम पर आयोजित होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

नूंह जुबेर खान नूंह 7 अगस्त :- आजादी अमृत महोत्सव के तहत सरकार की ओर से स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक मनाए जा रहे ह्यहर घर तिरंगाह्ण अभियान के तहत सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा व जिला प्रशासन की ओर से महानिदेशक डा. अमित कुमार अग्रवाल व डीसी अजय कुमार के मार्गदर्शन में जिला नूंह के ऐतिहासिक स्थानों पर 8 अगस्त व 9 अगस्त को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।सीइओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 अगस्त को प्रातः 11 बजे मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज पल्ला में तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंगार व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भौंड उपमंडल फिरोजपुर झिरका मे तथा इसी कडी मे 9 अगस्त को प्रात 11 बजे यासीन मेव डिग्री कॉलेज नूंह व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घासेड़ा में हर घर तिरंगा थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। गौरतलब है कि मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज पल्ला गांव में हजरत शेख मूसा की ऐतिहासिक मजार का निर्माण लगभग 700 वर्ष पूर्व किया गया था। अब यह मजार पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है। सिंगार उपमण्डल पुन्हाना जिला नूंह में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला गांव है, यहां पर श्री कृष्ण भगवान का सबसे पुराना मन्दिर है। भोंड, उपमण्डल फिरोजपुर झिरका में लगभग 400 वर्ष पूर्व पांडव काल में देहरा मंदिर का निर्माण किया गया था। अब यह मन्दिर पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है। यासीन मेव डिग्री कॉलेज, नूंह, स्वर्गीय चौधरी मौहम्मद यासीन के नाम पर 1971 में स्थापित किया गया था तथा इस कॉलेज को पूर्व सांसद एवं तीन राज्यों में मंत्री रहे स्वर्गीय चौधरी तैयब हुसैन द्वारा संचालित किया गया था। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घासेडा गांव को गांधी गांव भी कहा जाता है यहां पर महात्मा गांधी जी ने लोगों को पाकिस्तान नहीं जाने के लिए प्रेरित किया था।



# अकासा एयर की पहली कमर्शियल फ्लाइट ने आज उड़ान भरी !

**शेयर मार्केट के 'बिग बुल' कहे जाने वाले राकेश झुनझुनवाला की निवेश वाली अकासा एयरलाईन की पहली कमर्शियल फ्लाइट ने आज अपनी पहली उड़ान मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट से अहमदाबाद के लिए भरी`**

**के` रवि ( दादा )**

शेयर मार्केट के 'बिग बुल' कहे जाने वाले मुंबई के निवासी राकेश झुनझुनवाला की निवेश वाली अकासा एयरलाईन की पहली कर्मशियल फ्लाइट ने आज अपनी पहली उड़ान मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट से अहमदाबाद के लिए भरी` केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एमओएस जनरल विजय कुमार सिंह (रिटायर्ड) के साथ अकासा एयर को हरी झंड़ी दिखाई` फ्लाइट के उद्घाटन के मौके पर राकेश झुनझुनवाला खुद मुंबई एयरपोर्ट पर मौजूद रहे`




उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया की तारीफ करते हुए कहा, 'मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि कुछ लोग कहते हैं कि भारत की नौकरशाही बहुत खराब है लेकिन सिविल एविएशन मंत्रालय ने हमें जो सहयोग दिया है वह अविश्वसनीय है` उन्होंने कहा कि दुनिया में ऐसा कहीं संभव नहीं कि विचार आने के 12 महीने बाद ही एयरलाइन को शुरू कर दिया जाए`

अकासा एयर ने बोइंग के साथ 26 नवंबर 2021 को 72 मैक्स विमान को खरीदने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किया था` अकासा एयर में राकेश झुनझुनवाला और उनकी पत्नी रेखा की सबसे बड़ी हिस्सेदारी हैं` दोनों की मिलाकर इस एयरलाइन कंपनी में कुल 45.97 फीसदी की हिस्सेदारी है` राकेश झुनझुनवाला ने अपने इस अकासा एयर में 3.5 करोड़ डॉलर का निवेश किया है` इनके अलावा विनय दुबे, संजय दुबे, नीरज दुबे, माधव भटकुली, कार्तिक वर्मा भी अकासा एयर के प्रोमटर हैं` मुंबई / अहमदाबाद के अलावा अकासा एयलाइन की फ्लाइट 13 से 19 अगस्त तक बेंगलुरु-कोच्चि मार्ग और बेंगलुरु-मुंबई मार्ग पर सेवाएं शुरू होंगी` वहीं, 15 सितंबर से चेन्नई और मुंबई के बीच नई दिल्ली फ्लाइट शुरू होगी` अकासा एयरलाइन के अनुसार, मुंबई-अहमदाबाद उड़ाने सप्ताह में 26 बार संचालित होंगी` जबकि बेंगलुरु-कोच्चि और बेंगलुरु-मुंबई के लिए सप्ताह में 28 बार फ्लाइट संचालित की जाएंगी`

राकेश झुनझुनवाला देश के उन चंद चुनिंदा सकारात्मक उद्यमीयो में से एक हैं ,जो बोलते हैं , वह वो कर दिखाते है`

## तिरंगा हमारी आन व शान का प्रतीक : रणधीर धीरू

## 14 अगस्त को देश के विभाजन की त्रासदी के बलिदानियों को दी जाएगी श्रद्धांजलि : नरेश नैन

### भाजपा के बरवाला हलका के मिलगेट मंडल व सातरोड़ मंडल की बैठक का आयोजन

हिसार (राजेश सलूजा) : भाजपा हलका बरवाला के मिलगेट मंडल व सातरोड़ मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। मिलगेट मंडल की बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजपाल श्योराण ने की। बैठक में मंडल प्रभारी नरेश नैन व भाजपा जिला सचिव एवं पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं सातरोड़ मंडल की बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नरेश ग्रेवाल ने की। बैठक में मंडल प्रभारी एवं भाजपा जिला सचिव कृष्ण खटाणा व भाजपा जिला सचिव रणधीर सिंह धीरू विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पार्टी संगठन के दिशा निदेर्शानुसार होने वाले आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में 13 से 15 अगस्त से चलाए जाने वाले हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने पर चर्चा की गई। इसके अलावा बूथ स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने, त्रिदेव के सत्यापन व पन्ना प्रमुख बनाने को लेकर तथा आगामी पंचायत चुनावों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला सचिव एवं पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू ने कहा कि पार्टी संगठन द्वारा देश की आजादी के 75वें महोत्सव को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए पार्टी संगठन द्वारा 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। पार्टी संगठन द्वारा प्रत्येक बूथ पर 50 तिरंगा लगाने के लिए पार्टी कार्यकताओं की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर लोगों को अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी आन व शान का प्रतीक है। इसलिए सभी को आजादी के महोत्सव को धूमधाम से मनाते हुए अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराना चाहिए। इस बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेश नैन ने कहा कि 14 अगस्त को विभाजन की त्रासदी को याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के विभाग के समय करीब 10 लाख लोगों ने अपना बलिदान दिया था। देश इस त्रासदी को कभी भी नहीं भूला सकता है। 14 अगस्त को पार्टी कार्यकर्ता विभाजन के दौरान अपना बलिदान देने वाले लोगों को याद करते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मिलगेट मंडल की बैठक के बाद तिरंगा लगाने के अभियान की शुरूआत की गई और इसके तहत क्षेत्र के बनवारीलाल डिपोवाला के प्रतिष्ठान पर तिरंगा लगाया गया।




इस अवसर पर पार्षद राजपाल मांडू , गिरधारी चाहर, सुदन फौजी, फकीर चन्द, बनवारी लाल, रामपाल पुनिया, रत्न सिंह, दारा सिंह, सत्यवान, बिंदर जुगलान, सुबे सिंह गुलिया, विनोद शर्मा, विजेंद्र शर्मा, संजय नंबरदार, कैप्टन रघुबीर बराला, धर्मवीर शर्मा, धर्मबीर सरपंच, सुरेन्द्र यादव, सुरजीत धांसू व जोनी आदि मौजूद रहे।

## नौनिहाल बच्चों के हाथों में 75 मीटर लंबा तिरंगा देख हर्षाया हर जन का मन

### तैयारी अमृत महोत्सव की, शिक्षा क्षेत्र गड़वार के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय शेरवां कलां के बच्चों का सराहनीय प्रयास

**शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : बात जंग ए आजादी की लड़ाई शुरू करने की हो या 1942 में आजाद होने की। बलिया का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है। जयप्रकाश नारायण और चंद्रशेखर ने भी इस परंपरा को आगे बढ़ाया। आजादी के 75वें वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के रुप में मनाने की तैयारी चल तो पूरे देश में रही है पर बलिया के नौनिहालों ने ऐसा ऐतिहासिक कृत्य किया है जो बलिया का नाम फिर रोशन करेगा। अमृत महोत्सव के लिए जागरूकता रैली तो पूरे प्रदेश में निकाली जा रही है पर बलिया के गड़वार शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के नौनिहालों ने 75 मघटर लंबा तिरंगा लेकर रैली निकाल स्वयं में कीर्तिमान स्थापित कर दिया।



आजादी के 75 वाँ अमृत महोत्सव पूरे देश में अपने शवाब पर है, पूर्ण रूप से प्रगति पर है और तमाम विद्यालय तिरंगे के साथ रैली निकालकर जन मानस को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि हर घर तिरंगा कार्यक्रम सफल हो... ऐसे में बलिया जनपद के गड़वार ब्लॉक के दो सरकारी स्कूल प्राथमिक विद्यालय शेरवाँ कलाँ और पूर्व माध्यमिक विद्यालय शेरवाँ कलाँ ने संयुक्त रूप से 75 मी. लम्बे तिरंगे व जीवन्त झाँकी के साथ जनजागरूकता रैली निकालकर इतिहास रच दिया साथ ही जनता जनार्दन के साथ-साथ शिक्षक साथियों को भी प्रेरित करने का कार्य किया है। इस दौरान गाँव की गलियाँ और खेतों की पगडण्डियाँ भारत माता की.. जय, वन्देमातरम्, और जय हिन्द के नारों से गूँज उठी। रैली में नौनिहालों के छोटे छोटे हाथों में 75 मी. का तिरंगा एक अलग ही उत्साह व ऊर्जा प्रदान कर रहा था। 75 मी. लम्बा तिरंगा रैली का आकर्षण का केन्द्र तो था ही। इसके साथ ही आकर्षण का केन्द्र था झाँकी। जिसमें विद्यालय के छात्र विमलेश कुमार, आयुष कुमार, शाहिद अंसारी, सूरज कुमार और अनूप शुक्ला क्रमशः गाँधी जी, महाराणा प्रताप, भगत सिंह, अम्बेडकर जी और चन्दशेखर आजाद जी के रूप में महान विभूतियों को जीवन्त कर दिया। इस रैली का महत्त्व व उद्देश्य बताते हुए प्रधानाध्यापक शंकर कुमार रावत ने कहा कि हमारा देश अपनी आजादी का 75 वाँ वर्षगाँठ पूर्ण कर रहा है। इस अवसर पर पूरा भारत देश हर घर तिरंगा कार्यक्रम मना रहा है। चूँकि हमारे देश में दुनिया के सभी धर्मों के लोग रहते हैं तमाम जातियाँ रहती है लेकिन इन सबसे बड़ा हमारा देश है इसलिए देश के नाम पर अपने घरों पर एक तिरंगा अवश्य लगाएं। इस दौरान ग्राम सभा शेरवाँ कलाँ और अम्बेडकर नगर में रैली पर पुष्प वर्षा करके रैली का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इस दौरान रैली को ग्राम प्रधान शेरवाँ कलाँ उधो यादव, सुखपुरा निवासी प्रख्यात कवि बृजमोहन प्रसाद 'अनारी', समाज सेवी श्री कामेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।



## विद्यालय में बंद रहा ताला, बीएलओ खडीं रहीं बाहर

**कृष्ण मुरारी पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

नगरा ( बलिया) : चुनाव आयोग के निर्देश पर वोटर लिस्ट को आधार कार्ड से जोडने को लेकर रविवार को विशेष कैंप का आयोजन किया गया। सभी बीएलओ को प्राथमिक विद्यालय पर मौजूद रह कर आधार कार्ड को एकत्र करना था।



इसी बीच पडरी ग्राम पंचायत में प्राथमिक विद्यालय पर ताला बंद था। 11.30 बजे बीएलओ मीरा यादव झोले में मतदाता सूची लेकर विद्यालय के गेट पर चाबी का इंतजार कर रहीं थी। प्राथमिक विद्यालय के न तो प्रधानाध्यापक का पता था न ही कोई शिक्षक ही उपस्थित थे। बीएलओ ने बताया कि विद्यालय की चाबी रसोइया के पास है। उन्हे सूचना दी गई है। प्रचार प्रसार के अभाव में कमोवेश हर बूथ पर मतदाताओं की उपस्थिति कम देखी गई।

# मीरा बाई


**मीरा बाई** एक मध्यकालीन हिन्दू आध्यात्मिक कवियित्री और कृष्ण भक्त थीं। वे भक्ति आन्दोलन के सबसे लोकप्रिय भक्ति-संतों में एक थीं। भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित उनके भजन आज भी उत्तर भारत में बहुत लोकप्रिय हैं और श्रद्धा के साथ गाये जाते हैं। मीरा का जन्म राजस्थान के एक राजघराने में हुआ था। मीरा बाई के जीवन के बारे में तमाम पौराणिक कथाएँ और किवदंतियां प्रचलित हैं। ये सभी किवदंतियां मीराबाई के बहादुरी की कहानियां कहती हैं और उनके कृष्ण प्रेम और भक्ति को दशार्ती हैं। इनके माध्यम से यह भी पता चलता है की किस प्रकार से मीराबाई ने सामाजिक और पारिवारिक दस्तूरों का बहादुरी से मुकाबला किया और कृष्ण को अपना पति मानकर उनकी भक्ति में लीन हो गयीं। उनके ससुराल पक्ष ने उनकी कृष्ण भक्ति को राजघराने के अनुकूल नहीं माना और समय-समय पर उनपर अत्याचार किये।

भारतीय परंपरा में भगवान कृष्ण के गुणगान में लिखी गई हजारों भक्तिपरक कविताओं का सम्बन्ध मीरा के साथ जोड़ा जाता है पर विद्वान ऐसा मानते हैं कि इनमें से कुछ कवितायेँ ही मीरा द्वारा रचित थीं बाकी की कविताओं की रचना 18वीं शताब्दी में हुई प्रतीत होती है। ऐसी ढेरों कवितायेँ जिन्हें मीराबाई द्वारा रचित माना जाता है, दर-असल उनके प्रसंशकों द्वारा लिखी मालूम पड़ती हैं। ये कवितायेँ ह्यभजनह्ल कहलाती हैं और उत्तर भारत में बहुत लोकप्रिय हैं।

मीराबाई का जीवन आधुनिक युग में कई फिल्मों, साहित्य और कॉमिक्स का विषय रहा है।

**प्रारंभिक जीवन**

मीराबाई के जीवन से सम्बंधित कोई भी विश्वसनीय ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं हैं। विद्वानों ने साहित्य और दूसरे स्त्रोतों से मीराबाई के जीवन के बारे में प्रकाश डालने की कोशिश की है। इन दस्तावेजों के अनुसार मीरा का जन्म राजस्थान के मेड़ता में सन 1498 में एक राजपरिवार में हुआ था।



उनके पिता रतन सिंह राठोड़ एक छोटे से राजपूत रियासत के शासक थे। वे अपनी माता-पिता की इकलौती संतान थीं और जब वे छोटी बच्ची थीं तभी उनकी माता का निधन हो गया था। उन्हें संगीत, धर्म, राजनीति और प्राशासन जैसे विषयों की शिक्षा दी गयी। मीरा का लालन-पालन उनके दादा के देख-रेख में हुआ जो भगवान विष्णु के गंभीर उपासक थे और एक योद्धा होने के साथ-साथ भक्त-हृदय भी थे और साधु-संतों का आना-जाना इनके यहाँ लगा ही रहता था। इस प्रकार मीरा बचपन से ही साधु-संतों और धार्मिक लोगों के सम्पर्क में आती रहीं।

**विवाह**

मीरा का विवाह राणा सांगा के पुत्र और मेवाड़ के राजकुमार भोज राज के साथ सन 1516 में संपन्न हुआ। उनके पति भोज राज दिल्ली सल्तनत के शाशकों के साथ एक संघर्ष में सन 1518 में घायल हो गए और इसी कारण सन 1521 में उनकी मृत्यु हो गयी। उनके पति के मृत्यु के कुछ वर्षों के अन्दर ही उनके पिता और श्वसुर भी मुगल साम्राज्य के संस्थापक बाबर के साथ युद्ध में मारे गए।

ऐसा कहा जाता है कि उस समय की प्रचलित प्रथा के अनुसार पति की मृत्यु के बाद मीरा को उनके पति के साथ सती करने का प्रयास किया गया किन्तु वे इसके लिए तैयार नही हुईं और धीरे-धीरे वे संसार से विरक्त हो गयीं और साधु-संतों की संगति में कीर्तन करते हुए अपना समय व्यतीत करने लगीं।

**कृष्ण भक्ति**

पति के मृत्यु के बाद इनकी भक्ति दिनों-दिन बढ़ती गई। मीरा अक्सर मंदिरों में जाकर कृष्णभक्तों के सामने कृष्ण की मूर्ति के सामने नाचती रहती थीं। मीराबाई की कृष्णभक्ति और इस प्रकार से नाचना और गाना उनके पति के परिवार को अच्छा नहीं लगा जिसके वजह से कई बार उन्हें विष देकर मारने की कोशिश की गई।

ऐसा माना जाता है कि सन 1533 के आसपास मीरा को ह्यराव बीरमदेवह्ल ने मेड़ता बुला लिया और मीरा के चित्तौड़ त्याग के अगले साल ही सन 1534 में गुजरात के बहादुरशाह ने चित्तौड़ पर कब्जा कर लिया। इस युद्ध में चितौड़ के शासक विक्रमादित्य मारे गए तथा सैकड़ों महिलाओं ने जौहर किया। इसके पश्चात सन 1538 में जोधपुर के शासक राव मालदेव ने मेड़ता पर अधिकार कर लिया जिसके बाद बीरमदेव ने भागकर अजमेर में शरण ली और मीरा बाई ब्रज की तीर्थ यात्रा पर निकल पड़ीं। सन 1539 में मीरा बाई वृंदावन में रूप गोस्वामी से मिलीं। वृंदावन में कुछ साल निवास करने के बाद मीराबाई सन 1546 के आस-पास द्वारका चली गईं।

तत्कालीन समाज में मीराबाई को एक विद्रोही माना गया क्योंकि उनके धार्मिक क्रिया-कलाप किसी राजकुमारी और विधवा के लिए स्थापित परंपरागत नियमों के अनुकूल नहीं थे। वह अपना अधिकांश समय कृष्ण के मंदिर और साधु-संतों व तीर्थ यात्रियों से मिलने तथा भक्ति पदों की रचना करने में व्यतीत करती थीं।

**मृत्यु**

ऐसा माना जाता है कि बहुत दिनों तक वृन्दावन में रहने के बाद मीरा द्वारिका चली गईं जहाँ सन 1560 में वे भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति में समा गईं।

## अपनी फटी पैबन्द अपनी टांक कर देख।

**संजीव-नी।।**

पराई दीवारो में झांकना,आसां बहुत।

गुमान हो गर ,जमीर में झांक कर देख,
मजलूम पर, जिन्दगी खाक कर देख।

पराई दीवारो में झांकना,आसां बहुत,
कभीअपनी गिरेंबा में झांक कर देख।

चादरों में सुराख करना,आसां बहुत,
अपनी फटी पैबन्द अपनी टांक कर देख।

खुश है, नुक्स पर पराई मीनारों के,
बारिश में ढहती दीवार ढांक कर देख,

भ्रम है, तुझे,जिंदगी रंगीन है बहुत, मुफलिसी में जरा झांक कर देख,

गैर की दौलत से किसका भला हुआ,
फकीरी का तजुर्बा फांक कर देख,

बेईमीनी चार दिन की चाँदनी, ,
एक दिया पाक जला कर देख,

जलते घरो से हाथ सेंकना, आसां,
तिनका खुद का जरा जलाकर देख,

खुशी अभी रूठी नहीं है, तुझसे संजीव,
खिलखिलाहट में मासूम की, झांक कर देख,

# आजादी का अमृत महोत्सव

## आजादी का 75वा स्वतंत्रता दिवस

### हर-घर तिरंगा लगाएं आजादी के अमृत महोत्सव को मनाए

आजादी का अमृत महोत्सव को लेकर हर-घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम प्रत्येक नागरिक को मनाना है और इससे जुड़ना है देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के आह्वान पर सभी देशवासियों को अपने अपने घरों पर तिरंगा अवश्य लगाना है तथा अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल स्टेटस में भी तिरंगा लगाना है यह हमारी आन बान शान का प्रतीक है हमारे देश का राष्ट्रीय ध्वज देश के लिए सम्मान और हमारे लिए देशभक्ति और स्वतंत्रता का भी प्रतीक है,

भारत को आजाद कराने के लिए हमारे लोगों ने जो कुर्बानियां दी हैं,हमें उन को भूलना नहीं चाहिए और हम सभी देशवासियो को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए सभी लोग आजादी के अमृत महोत्सव को बहुत धूमधाम से मनाएं तथा सरकार के आवाहन पर सभी अपने घरों पर अपनी दुकानों पर तिरंगा अवश्य लगाएं



**लेखक मोहम्मद आबिद खान दैनिक समाज जागरणबिजनौर**




# "आजादी का अमृत महोत्सव" : एक विहंगम दृष्टि

## हर घर में तिरंगा लहरवाना सबकी महती जिम्मेदारी सभी का हो सकंल्प, देश भर में लहराए प्यारा तिरंगा

आने वाले 15 अगस्त 2022 को भारतवासी, स्वतंत्रता प्राप्ति की 75वीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं। यह पूरे देश के लिए गर्व एवं गौरव की बात है। हमारे प्रधानमंत्री ने इसकी महत्ता को पहले ही भांप लिया था। फलस्वरूप, उनकी सरकार ने इस महान अवसर के बहाने देशवासियों को एकजुट करने, उन्हें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक-विरासत का पुनरावलोकन करने, राष्ट्र के प्रति प्रेम को सुदृढ़ करने तथा 'वोकल फार लोकल' के सिद्धांत पर चलते हुए उन्हें आत्म-निर्भर बनाने का संकल्प लिया है ।

आज भारत की कुल आबादी में 18 से 35 वर्ष के युवाओं की संख्या सर्वाधिक है। अपार ऊर्जा व प्रतिभा से सम्पन्न ये युवा प्रायः लम्बे समय तक चलने वाले स्वतंत्रता-संग्राम तथा लोकतंत्र के महत्व के बारे ठीक से नहीं जानते। वे तमाम दुराग्रहों के शिकार होकर कई विचारधाराओं में बंटे हुए भी हैं । यह महोत्सव उन्हें एकजुट करके, न केवल उन्हें अपने इतिहास से परिचित करायेगा बल्कि आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए सक्षम भी बनायेगा ।

इस महोत्सव को मनाने का श्रीगणेश साबरमती आश्रम से, 'नमक सत्याग्रह' की वर्षगांठ के दिन , अर्थात गत 12 मार्च, 2021 को प्रधानमंत्री के कर-कमलों से हुआ था। आगामी 15अगस्त 2022 को यह महोत्सव अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंचेगा।

कहने के लिए तो यह भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, सरकार द्वारा आयोजित विविध कार्यक्रमों की एक श्रृंखला है। किन्तु हमारे भविष्य-द्रष्टा प्रधानमंत्री ने जनभागीदारी से जोड़कर इसे एक जन-उत्सव का रुप दे दिया है। यह सर्वथा उचित भी है क्योंकि ऐसी चीजों का सरोकार केवल सत्ताधारी दल से ही नहीं अपितु समस्त देशवासियों से होता है। इसलिए प्रत्येक देशभक्त भारतीय का यह कर्तव्य है कि वह किसी भी किस्म की संकीर्णता को दरकिनार करते हुए, तन-मन-धन से इसमें सहभागिता करे और भारत को एक सुखी, सक्षम, समदर्शी एवं सुरक्षित राष्ट्र बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देवे। 15 अगस्त को देश के सभी घरों में तिरंगा फहराया जाए यह हम सब की महती जिम्मेदारी है और हमें इसे मनोयोग से निभाना है।



**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण, बलिया**

# #आजादी का अमृत महोत्सव #

यद्यपि हम सब अधिसंख्य और अधिकांश आजादी के बाद जन्में हैं, फिर भी आजादी के अमृत महोत्सव को मनाने को आतुर, अभिभूत, आनंदित, आह्लादित हैं। इसका आशय यह हुआ है कि हमारे पूर्वजों ने गुलामी के बिष और दंश व अत्याचारों को किस कदर झेला होगा। इसके लिए इतिहास के पन्नौं को खंगाला जा सकता है।इस महोत्सव को मनाना भी जायज है,आप! आजादी के 70 वर्ष के बाद,मुल्क के हालातों पर दृष्टिपात करें और अपनी आजादी को निहारे तो आपका मानस स्वत ही इस स्वतंत्रता के उत्सव को अमृततत्व प्रदान करने में हिचकिचायेगा नहीं। राष्ट्रीयता के वशीभूत और एक जिम्मेदार नागरिक के नाते,भला, आपका मन मुदित क्यों न हो?दो वर्ष पूर्व हिंदुस्तान के स्वर्ग "कश्मीर"से धारा 370 का हटना और कश्मीर का विलय भारत में हो जाना, क्या किसी चमत्कार से कम है क्या? दुश्मन देश पाकिस्तान का कंपकंपाता रहना,हाल के वर्षों में दो बार घर में घुसकर खुराक दें देना और तो और ड्रेगन के डर के मारे ,हम पीछे भाग जाते थें।लेकिन उसे भी हमने आज के भारत के पराक्रम का लोहा मनवाने को मजबूर कर दिया। गौरतलब है कि आज हिंदुस्तान का वैश्विक स्तर पर, इतना बड़ा दखल है कि दुनिया के बिशेष महत्व के मुद्दों पर भारत को आंमत्रित किया जाता है।पाकिस्तान में नित्य प्रति भारत और भारतीयता की तारीफ हो रही है।500 वर्ष से चर्चित व विवादित भगवान श्री राम के मंदिर के निर्माण की कल्पना, प्रायः कल्पना से परे लगती थी।आज हम रक्षास्त्रों का निर्यात कर रहे हैं।निर्मम तीन तलाक जैसे कानून की निर्ममता को नेस्तनाबूद करने की दिशा में कदम।इस विषय में, शब्दों को सीमांकन करने की बाध्यता है, अन्यथा उक्त विषय पर कई फलसफे सहज लिखे जा सकते हैं। अतः हम सब को आजादी के जश्न के अमृततत्व को चखते हुए,पूरे जोश और खरोश से मनाना चाहिए।किंतु यह भी ध्यान रखना होगा "एक आजादी तो मिल गई, पर एक आजादी अभी बाकी है।गोरों को तो खदेड़ दिया, पर काले भ्रष्टों पर अभी निशाना बाकी "।



**हरेश चंद्र उपाध्याय, सादतपुर एक्सटेंशन, दिल्ली 110090, वरिष्ठ संवाददाता**

# चतुर्थ श्रावण सोमवार

श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव के निमित्त व्रत किए जाते हैं। इस मास में शिव की पूजा का विशेष विधान है। कुछ भक्त तो पूरे मास ही भगवान शिव की पूजा-आराधना और व्रत करते हैं। अधिकांश व्यक्ति केवल श्रावण मास में पड़ने वाले सोमवार का ही व्रत करते हैं। श्रावण मास के सोमवारों में शिव के व्रतों, पूजा और शिव जी की आरती का विशेष महत्त्व है। शिव के ये व्रत शुभदायी और फलदायी होते हैं। इन व्रतों को करने वाले सभी भक्तों से भगवान शिव बहुत प्रसन्न होते हैं। यह व्रत भगवान शिव की प्रसन्नता के लिए किये जाते हैं। व्रत में भगवान शिव का पूजन करके एक समय ही भोजन किया जाता है। व्रत में भगवान शिव और माता पार्वती का ध्यान कर 'शिव पंचाक्षर मन्त्र' का जप करते हुए पूजन करना चाहिए।

**कथा**

श्रावण सोमवार की कथा के अनुसार, अमरपुर नगर में एक धनी व्यापारी रहता था। दूर-दूर तक उसका व्यापार फैला हुआ था। नगर में उस व्यापारी का सभी लोग मान-सम्मान करते थे। इतना सब कुछ होने पर भी वह व्यापारी अंतर्मन से बहुत दुःखी था, क्योंकि उस व्यापारी का कोई पुत्र नहीं था। दिन-रात उसे यही एक चिंता सताती रहती थी। उसकी मृत्यु के बाद उसके इतने बड़े व्यापार और धन-संपत्ति को कौन संभालेगा। पुत्र पाने की इच्छा से वह व्यापारी प्रति सोमवार भगवान शिव की व्रत-पूजा किया करता था। सायंकाल को व्यापारी शिव मंदिर में जाकर भगवान शिव के सामने घी का दीपक जलाया करता था।[1]

उस व्यापारी की भक्ति देखकर एक दिन पार्वती ने भगवान शिव से कहा- "हे प्राणनाथ, यह व्यापारी आपका सच्चा भक्त है। कितने दिनों से यह सोमवार का व्रत और पूजा नियमित कर रहा है। भगवान, आप इस व्यापारी की मनोकामना अवश्य पूर्ण करें।" भगवान शिव ने मुस्कराते हुए कहा- "हे पार्वती! इस संसार में सबको उसके कर्म के अनुसार फल की प्राप्ति होती है। प्राणी जैसा कर्म करते हैं, उन्हें वैसा ही फल प्राप्त होता है।" इसके बावजूद पार्वती जी नहीं मानीं। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा- "नहीं प्राणनाथ! आपको इस व्यापारी की इच्छा पूरी करनी ही पड़ेगी। यह आपका अनन्य भक्त है। प्रति सोमवार आपका विधिवत व्रत रखता है और पूजा-अर्चना के बाद आपको भोग लगाकर एक समय भोजन ग्रहण करता है। आपको इसे पुत्र-प्राप्ति का वरदान देना ही होगा।"

पार्वती का इतना आग्रह देखकर भगवान शिव ने कहा- "तुम्हारे आग्रह पर मैं इस व्यापारी को पुत्र-प्राप्ति का वरदान देता हूं। लेकिन इसका पुत्र 16 वर्ष से अधिक जीवित नहीं रहेगा।" उसी रात भगवान शिव ने स्वप्न में उस व्यापारी को दर्शन देकर उसे पुत्र-प्राप्ति का वरदान दिया और उसके पुत्र के 16 वर्ष तक जीवित रहने की बात भी बताई। भगवान के वरदान से व्यापारी को खुशी तो हुई, लेकिन पुत्र की अल्पायु की चिंता ने उस खुशी को नष्ट कर दिया। व्यापारी पहले की तरह सोमवार का विधिवत व्रत करता रहा। कुछ महीने पश्चात उसके घर अति सुंदर पुत्र उत्पन्न हुआ। पुत्र जन्म से व्यापारी के घर में खुशियां भर गईं। बहुत धूमधाम से पुत्र-जन्म का समारोह मनाया गया। व्यापारी को पुत्र-जन्म की अधिक खुशी नहीं हुई, क्योंकि उसे पुत्र की अल्प आयु के रहस्य का पता था। यह रहस्य घर में किसी को नहीं मालूम था। विद्वान ब्राह्मणों ने उस पुत्र का नाम अमर रखा।[1]

जब अमर 12 वर्ष का हुआ तो शिक्षा के लिए उसे वाराणसी भेजने का निश्चय हुआ। व्यापारी ने अमर के मामा दीपचंद को बुलाया और कहा कि अमर को शिक्षा प्राप्त करने के लिए वाराणसी छोड़ आओ। अमर अपने मामा के साथ शिक्षा प्राप्त करने के लिए चल दिया। रास्ते में जहां भी अमर और दीपचंद रात्रि विश्राम के लिए ठहरते, वहीं यज्ञ करते और ब्राह्मणों को भोजन कराते थे। लंबी यात्रा के बाद अमर और दीपचंद एक नगर में



पहुंचे। उस नगर के राजा की कन्या के विवाह की खुशी में पूरे नगर को सजाया गया था। निश्चित समय पर बारात आ गई, लेकिन वर का पिता अपने बेटे के एक आंख से काने होने के कारण बहुत चिंतित था। उसे इस बात का भय सता रहा था कि राजा को इस बात का पता चलने पर कहीं वह विवाह से इनकार न कर दें। इससे उसकी बदनामी होगी। वर के पिता ने अमर को देखा तो उसके मस्तिष्क में एक विचार आया। उसने सोचा क्यों न इस लड़के को दूल्हा बनाकर राजकुमारी से विवाह करा दूं। विवाह के बाद इसको धन देकर विदा कर दूंगा और राजकुमारी को अपने नगर में ले जाऊंगा।

वर के पिता ने इसी संबंध में अमर और दीपचंद से बात की। दीपचंद ने धन मिलने के लालच में वर के पिता की बात स्वीकार कर ली। अमर को दूल्हे के वस्त्र पहनाकर राजकुमारी चंद्रिका से विवाह करा दिया गया। राजा ने बहुत-सा धन देकर राजकुमारी को विदा किया। अमर जब लौट रहा था तो सच नहीं छिपा सका और उसने राजकुमारी की ओढ़नी पर लिख दिया- "राजकुमारी चंद्रिका, तुम्हारा विवाह तो मेरे साथ हुआ था, मैं तो वाराणसी में शिक्षा प्राप्त करने जा रहा हूं। अब तुम्हें जिस नवयुवक की पत्नी बनना पड़ेगा, वह काना है।" जब राजकुमारी ने अपनी ओढ़नी पर लिखा हुआ पढ़ा तो उसने काने लड़के के साथ जाने से इनकार कर दिया। राजा ने सब बातें जानकर राजकुमारी को महल में रख लिया। उधर अमर अपने मामा दीपचंद के साथ वाराणसी पहुंच गया। अमर ने गुरुकुल में पढ़ना शुरू कर दिया।

जब अमर की आयु 16 वर्ष पूरी हुई तो उसने एक यज्ञ किया। यज्ञ की समाप्ति पर ब्राह्मणों को भोजन कराया और खूब अन्न, वस्त्र दान किए। रात को अमर अपने शयनकक्ष में सो गया। शिव के वरदान के अनुसार शयनावस्था में ही अमर के प्राण-पखेरू उड़ गए। सूर्योदय पर मामा अमर को मृत देखकर रोने-पीटने लगा। आसपास के लोग भी एकत्र होकर दुःख प्रकट करने लगे। मामा के रोने, विलाप करने के स्वर समीप से गुजरते हुए भगवान शिव और माता पार्वती ने भी सुने। पार्वती जी ने भगवान से कहा- "प्राणनाथ! मुझसे इसके रोने के स्वर सहन नहीं हो रहे। आप इस व्यक्ति के कष्ट अवश्य दूर करें।" भगवान शिव ने पार्वती जी के साथ अदृश्य रूप में समीप जाकर अमर को देखा तो पार्वती जी से बोले- "पार्वती! यह तो उसी व्यापारी का पुत्र है। मैंने इसे 16 वर्ष की आयु का वरदान दिया था। इसकी आयु तो पूरी हो गई।" पार्वती जी ने फिर भगवान शिव से निवेदन किया- "हे प्राणनाथ! आप इस लड़के को जीवित करें। नहीं तो इसके माता-पिता पुत्र की मृत्यु के कारण रो-रोकर अपने प्राणों का त्याग कर देंगे। इस लड़के का पिता तो आपका परम भक्त है। वर्षों से सोमवार का व्रत करते हुए आपको भोग लगा रहा है।" पार्वती के आग्रह करने पर भगवान शिव ने उस लड़के को जीवित होने का वरदान दिया और कुछ ही पल में वह जीवित होकर उठ बैठा।[1]

शिक्षा समाप्त करके अमर मामा के साथ अपने नगर की ओर चल दिया। दोनों चलते हुए उसी नगर में पहुंचे, जहां अमर का विवाह हुआ था। उस नगर में भी अमर ने यज्ञ का आयोजन किया। समीप से गुजरते हुए नगर के राजा ने यज्ञ का आयोजन देखा। राजा ने अमर को तुरंत पहचान लिया। यज्ञ समाप्त होने पर राजा अमर और उसके मामा को महल में ले गया और कुछ दिन उन्हें महल में रखकर बहुत-सा धन, वस्त्र देकर राजकुमारी के साथ विदा किया। रास्ते में सुरक्षा के लिए राजा ने बहुत से सैनिकों को भी साथ भेजा। दीपचंद ने नगर में पहुंचते ही एक दूत को घर भेजकर अपने आगमन की सूचना भेजी। अपने बेटे अमर के जीवित वापस लौटने की सूचना से व्यापारी बहुत प्रसन्न हुआ। व्यापारी ने अपनी पत्नी के साथ स्वयं को एक कमरे में बंद कर रखा था। भूखे-प्यासे रहकर व्यापारी और उसकी पत्नी बेटे की प्रतीक्षा कर रहे थे। उन्होंने प्रतिज्ञा कर रखी थी कि यदि उन्हें अपने बेटे की मृत्यु का समाचार मिला तो दोनों अपने प्राण त्याग देंगे। व्यापारी अपनी पत्नी और मित्रों के साथ नगर के द्वार पर पहुंचा। अपने बेटे के विवाह का समाचार सुनकर, पुत्रवधू राजकुमारी चंद्रिका को देखकर उसकी खुशी का ठिकाना न रहा। उसी रात भगवान शिव ने व्यापारी के स्वप्न में आकर कहा- "हे श्रेष्ठी! मैंने तेरे सोमवार के व्रत करने और व्रतकथा सुनने से प्रसन्न होकर तेरे पुत्र को लंबी आयु प्रदान की है।" व्यापारी बहुत प्रसन्न हुआ। सोमवार का व्रत करने से व्यापारी के घर में खुशियां लौट आईं। शास्त्रों में लिखा है कि जो स्त्री-पुरुष सोमवार का विधिवत व्रत करते और व्रतकथा सुनते हैं, उनकी सभी इच्छाएं पूरी होती हैं।

**व्रत विधि**

श्रावण सोमवार के व्रत में भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा की जाती है। प्राचीन शास्त्रों के अनुसार सोमवार के व्रत तीन तरह के होते हैं[1]-

**सोमवार**
**सोलह सोमवार**
**सौम्य प्रदोष**

सोमवार व्रत की विधि सभी व्रतों में समान होती है। इस व्रत को श्रावण माह में आरंभ करना शुभ माना जाता है। सावन सोमवार व्रत सूर्योदय से प्रारंभ कर तीसरे पहर तक किया जाता है। शिव पूजा के बाद सोमवार व्रत की कथा सुननी आवश्यक है। व्रत करने वाले को दिन में एक बार भोजन करना चाहिए। सावन सोमवार को ब्रह्म मुहूर्त में सोकर उठें। पूरे घर की सफाई कर स्नानादि से निवृत्त हो जाएं। गंगा जल या पवित्र जल पूरे घर में छिड़-कें। घर में ही किसी पवित्र स्थान पर भगवान शिव की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। पूरी पूजन तैयारी के बाद निम्न मंत्र से संकल्प लें-

'मम क्षेमस्थैर्यविजयारोग्यैश्वर्याभिवृद्धयर्थं सोमव्रतं करिष्ये'

इसके पश्चात निम्न मंत्र से ध्यान करें-

**'ध्यायेन्नित्यंमहेशं रजतगिरिनिभं**
**चारुचंद्रावतंसं रत्नाकल्पोज्ज्वलांग**
**परशुमृगवराभीतिहस्तं प्रसन्नम्।**
**पद्मासीनं समंतात्स्तुतममरगणैर्व्याघ्रकृत्तिं**
**वसानं विश्वाद्यं विश्ववंद्यं निखिलभयहरं**
**पंचवक्त्रं त्रिनेत्रम्॥'**

ॐ नमः शिवाय' से शिव का तथा 'ॐ शिवायै' नमः से पार्वती का षोडशोपचार पूजन करें। पूजन के पश्चात व्रत कथा सुनें। आरती कर प्रसाद वितरण करें। इसके बाद भोजन या फलाहार ग्रहण करें।

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# ब्रम्हाकुमारी संस्था द्वारा जनजागृति सेवा के तहत रक्षा बंधन का त्योहार मनाया गया

**नित्यानंद सिंह दैनिक समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : ब्रह्माकुमारी संस्था बैरिया की ओर से बहनों द्वारा रक्षाबंधन का पावन त्योहार को प्रभु प्रेम में जनजागृति और मानव सेवा भाव के रुप में मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्रा रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि मानव प्रेम से बड़ा कोई प्रेम नहीं होता है । आज जरुरत है हम सभी लोग आपस में परिवार की तरह रहें और छोटी छोटी समस्याओं को नजरअंदाज कर आपस में प्रेम और सवहार्द्ध का वातावरण बनाए। वहीं विशिष्ठ अतिथि डा. अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ शरीर से बड़ा कोई सुख नहीं है । इस दौरान राजयोगिनी बीके



पुष्पा बहन और बीके समता बहन द्वारा रक्षा बंधन के महत्व की जानकारी दी गयी। और मेडिटेशन द्वारा सभी में पवित्रता का बल भरा गया। ब्रम्हाकुमारी के सदस्यों को जीवन के 7 मूल मंत्रों का शपथ भी दिलाया है। कहा है कि मैं शक्तिशाली आत्मा हूं, हमेशा खुश रहता हूं। मेरा शरीर हमेशा स्वस्थ है। सारे रिश्ते बहुत प्यारे हैं। मेरा घर स्वर्ग है, भगवान हमेशा मेरे साथ है। उक्त अवसर पर बहन ने सभी के कलाइयों पर राखी बांधी और मुंह मीठा कराया। रक्षाबंधन का त्योहार जो की पवित्रता का सुरक्षा का प्रतीक है। इस दौरान अजय भाई , दसरथ भाई, श्यामसुंदर सहित दर्जनों स्थानीय बहन भाई और स्थानीय पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# पत्नी से अवैध संबंध की बात पर रामबचन ने कि थी केशव की हत्या

**शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

*-घटना का खुलासा*
*-पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक ने मीडिया को दी जानकारी*
*-सहतवार थाना क्षेत्र के महराजपुर गांव में हुई थी केशव की हत्या*

बलिया : सहतवार थाना क्षेत्र के महाराजपुर गांव में पिछले 4 जुलाई की रात को किसी समय पूर्व प्रधान अमीर राम के दरवाजे के बाहर चारपाई पर सोते समय एक अधेड़ की गला रेतकर की गयी हत्या का खुलासा रविवार को हुआ। यह हत्या अवैध संबंध को लेकर की गई है । पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद हुई है। घटना का खुलासा पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने किया।
पुलिस अधीक्षक ने घटना के रहस्योद्घाटन के लिए टीम गठित किया था। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में काम रही टीन म ने बच्चन राम उर्फ रामवचन पुत्र स्व0 बलेश्वर राम निवासी ग्राम महराजपुर थाना सहतवार को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के निशानदेही पर पुलिस ने घटना में



प्रयुक्त रक्तरंजित कुल्हाड़ी बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने बताया कि मृतक केशव यादव का उसकी पत्नी पगली देवी से अवैध सम्बन्ध था। जिसकी जानकारी होने पर अभियुक्त बच्चन राम ने अपनी पत्नी को कई बार मारा पीटा भी गया था। इसके बावजूद वह आदत से बाज नहीं आने पर उसके द्वारा चारपाई पर सोते समय केशव यादव पुत्र स्व0 बालदेव यादव निवासी ग्राम महराजपुर की कुल्हाड़ी से गले पर वार कर हत्या कर दिया। घटना में प्रयोग किये गये कुल्हाड़ी को बगल में स्थित अशोक सिंह के चरी के खेत में छिपाकर रख दिया था। जिसे अभियुक्त की निशानदेही पर बरामद किया गया है। मृतक केशव यादव की शादी नहीं हुई थी उसका घर भी काफी पूर्व नदी में बह गया है। एक झोपड़ी थी वह भी नष्ट हो चुकी है। केशव यादव गाँव में 300-/ रुपये प्रति माह के हिसाब से मवेशी दुहाई का काम करता था और कहीं भी किसी के यहाँ खाकर सो जाता था। मृतक का औरतों से ज्यादा लगाव रहता था और औरतों से बातचीत में काफी रुचि लेता था। अभियुक्त की पत्नी से भी वह अक्सर बातें करता था जिसका नतीजा हुआ कि उसे अपनी जान गंवानी पड़ी।

# गोवध एवं 11 पशु क्रूरता अधिनियम का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

## -नरहीं पुलिस को सफलता, गिरफ्तार अभियुक्त के पास मिला एक देशी तमंचा और जिंदा कारतूस

**विवेक राय, दैनिक समाज जागरण**

नरहीं (बलिया) : गोवध की प्रक्रिया में लीन पशु क्रुरता अधिनियम के वांछित अभियुक्त को नरहीं पुलिस ने गिरफ्तार किया।
गिरफ्तार अभियुक्त के पास पुलिस को एक नाजायज तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त चितबड़ागांव थाना क्षेत्र का निवासी है। उनि उमापति गिरी ने मय हमराह




पशु क्रुरता अधि0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राजेश राम पुत्र मोतीलाल राम निवासी सिंगारपुर थाना चितबड़ागाँव को बैरिया तिराहे से गिरफ्तार किया। जमा तलाशी में उसकी जेब से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ।

# कोविड प्रिकॉशन डोज महाभियान का हुआ शुभारंभ, चेयरमैन ने काटा फीता

**शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : सोहॉव ब्लॉक के नगरीय क्षेत्र में कोविड प्रिकाशन डोज महाभियान का शुभारंभ चितबड़ागांव नगर पंचायत में हुआ। नगर पंचायत चितबड़ागांव के अध्यक्ष केशरीनंदन त्रिपाठी ने फीता काटकर शुभारंभ किया।



डॉक्टर रीना पांडेय ने बताया की 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के समस्त नागरिकों को वैक्सीन की प्रिकॉशन डोज निशुल्क लगाई जाएगी । कोविड वैक्सीन कि द्वितीय डोज प्राप्त होने के छह माह अथवा 26 सप्ताह पूर्व होने के पश्चात ही प्रिकॉशन डोज लगाई जाएगी । ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि कोविड वैक्सीन की प्रिकॉशन डोज हेतु पहली एवं दूसरी खुराक में प्रदान की गई वैक्सीन का ही उपयोग किया जाएगा। आज 1240 लाभार्थियों को प्रिकॉशन डोज से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर एएनएम राधिका देवी, शीला सिंह, संजय गुप्ता, ज्योति भूषण द्विवेदी , रविंद्र नाथ यादव विमलेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा बाजार का ऐतिहासिक पोखरा

**ऋतुराज तिवारी, दैनिक समाज जागरण**

रेवती (बलिया) : नगर रेवती बाजार स्थित ऐतिहासिक पोखरा अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। रखरखाव के अभाव में पोखरे में बड़े-बड़े खरपतवार उग आए हैं। इन खरपतवारों के बीच विषैले जीव-जंतुओं एवं कीट-पतंगों का रहवास हो गया है। यही नहीं थाने से बाजार जाने वाली सड़क पर पोखरे के किनारे का भाग अतिक्रमण का शिकार हो गया है।



ज्ञातव्य हो कि सैकड़ों वर्ष पूर्व नगर निवासी भैया राम पाण्डेय द्वारा पोखरा का जीणोर्धार कराया गया था। वहीं उनके सगे भाई जयराम पाण्डेय द्वारा पोखरे के बगल में ही कुंए की खुदाई कराया गया था। वह कुआं भी अब अस्तित्व विहीन हो चला है। दोनों भाइयों के विषय में कहा जाता है कि जहां भैया राम का पोखरा, वहां जयराम का कुआं अवश्य होता था। पाण्डेय भाइयों का परिवार श्री छपरा (छेड़ी) में निवास करता है। इस ऐतिहासिक पोखरे में लोग स्नान किया करते थे। पोखरे का जल एकदम साफ हुआ करता था। पोखरे के गांधी घाट पर स्नान करने के पश्चात पोखरे के उत्तरी किनारे पर स्थित शिवाला में भगवान को पोखरे का जल ही अर्पण करते थे। अब पोखरे में जल के स्थान पर बड़े-बड़े झाड़ झंखाड़ ही नजर आता है। कुल मिलाकर पोखरे का अस्तित्व ही बदल गया है। पोखरे के किनारे छठ पर्व पर छठ घाट बनाया जाता है। जहां व्रती महिलाएं सूर्य को अर्घ्य प्रदान करती हैं। आलम यह है कि समुचित देखभाल के अभाव तथा अतिक्रमण की वजह से नगर का धरोहर ऐतिहासिक पोखरे का अस्तित्व खतरे में है। नगर के बुद्धिजीवियों का कहना है कि पोखरे के चारों तरफ घाट बनाकर सुन्दरीकरण कर दिया जाय तो नगर के इस ऐतिहासिक धरोहर में चार चांद लग जायेगा। पोखरा अतिक्रमण का शिकार हो गया है। पोखरे में गंदगी का अंबार हो गया है। जिसकी सफाई अति आवश्यक है। पोखरे को अतिक्रमण मुक्त कर साफ-सफाई करके सुन्दरीकरण करना जरूरी है।

# भक्तों के बिना भगवान भी हैं अधूरे : भार्गव मनीश

## -संगीतमय भगवत कथा, प्रह्लाद चरित्र, वामन अवतार की कथा सुन पुरी तरह भाव-विभोर हुए श्रद्धालु लोग

**शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : भगवत कथा सुनने और भगवान को अपने मन में बसाने से व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन होता है। भगवान भी हमेशा अपने भक्तों को पाना चाहता हैं। जितना भक्त भगवान के बिना अधूरा है उतना ही अधूरा भगवान भी भक्तों के बिना है। भगवान ज्ञानी को नहीं अपितु भक्तों को दर्शन देते हैं। सच्चे मन से भगवान प्राप्त होते है।
उक्त बातें मालगोदाम-एलआईसी रोड स्थित नवनिर्मित भवन में चल रही संगीतमय भगवत कथा प्रेमयज्ञ के पांचवें दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास भार्गव मुनीश जी ने कही। उनके द्वारा प्रह्लाद चरित्र, वामन अवतार की कथा झांकियों के साथ विस्तार से बताई गईं। कथा के दौरान एक छोटा बच्चा वामन भगवान का अवतार लेकर आया तो उपस्थित श्रद्धालुओं ने हर्ष से जयकारा लगाने लगे। कथावाचक श्री मुनीश भार्गव जी ने प्रह्लाद चरित्र व वामन अवतार प्रसंग सुनाते हुए समुद्र मंथन का पूरा वृतांत भजनों के माध्यम से सुनाया।



भक्त प्रह्लाद भगवान विष्णु की भक्ति में लीन रहते थे। उनके पिता हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को अपना शत्रु मानते थे। पुत्र को भगवान विष्णु की भक्ति करते देख उन्होंने उसे ही जान से मारने की ठान ली। प्रभु पर सच्ची निष्ठा और आस्था की वजह से हिरण्यकश्यप भक्त प्रह्लाद का कुछ भी अनिष्ट नहीं कर पाए। वामन अवतार की कथा सुनाते हुए श्री भार्गव जी ने बताया कि राजा बलि को यह अभिमान था कि उसके बराबर समर्थ इस संसार में कोई नहीं है। भगवान ने राजा बलि का दंभ चूर करने के लिए वामन का रूप धारण किया और भिक्षा मांगने राजा बलि के पास पहुंच गए। अहंकार में चूर राजा ने वामन को इच्छानुसार दक्षिणा देने का वचन दिया। वामन रूपी भगवान ने राजा से दान में तीन पग भूमि मांगी। राजा वामन भगवान का छोटा स्वरूप देखकर तीन पग धरती नापने को कहा। इसके बाद भगवान ने विराट रूप धारण कर रख पग में धरती आकाश, दूसरे पग में पाताल नाप लिया और राजा से तीसरा पग रखने के लिए स्थान मांगा। प्रभु का विराट स्वरूप देखकर राजा का घमंड टूट गया। उन्होंने कहा कि अहंकार, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर यजमान राजेश तिवारी, अनामिका सिंह, सोनू पुजारी, लक्ष्मण सिंह, रामगोपाल अग्रवाल, सत्यनारायण माहेश्वरी, अनिल सिंह, मंगलदेव चौबे, रामबदन चौबे, डॉ सन्तोष तिवारी, निशु श्रीवास्तव, सन्तोष अग्रवाल, निशु श्रीवास्तव विकास माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

# कर्बला से मिट्टी लेकर इमामबाड़ा पहुंचे मुस्लिम बंधु

**शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : मुहर्रम को लेकर मिट्टी लाने की रस्म शनिवार की रात पूरी की गयी। मुहर्रम की सातवीं तारीख को मिट्टी लाने की रस्म की जाती है। मुहर्रम अखाड़ेदारों ने जिला प्रशासन की देखरेख में कर्बला से मिट्टी लाने की रस्म पूरी की।
इस दौरान अखाड़ा कमेटी के लोगों ने धार्मिक नारों के साथ परम्परागत



मार्गों से होते हुए कर्बला से मिट्टी लिया और इमामबाड़ा पर जाकर रख दिया। मोहर्रम को लेकर सभी इमामबाड़ो की साफ-सफाई का काम पूरा कर लिया गया है। जिला प्रशासन ने भी मुहर्रम त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिये पूरी तैयारी में जुटी हुई है। कमेटी के युवाओं ने भी हैरतअंगेज करतब दिखाने के लिये शस्त्रों का अभ्यास किया।

# रक्षाबंधन की तैयारियां हुई तेज, बाजार में सजी राखी की दुकानें

**रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण सिकंदरपुर (बलिया)** : रक्षाबंधन का त्यौहार पास आ रहा है, जिसके साथ त्यौहार को लेकर तैयारियां भी शुरू हो गई है। बाजार में राखियों से दुकानें सज गई है। दुकानों में सजी राखियों में कई स्टाइल और वैरायटी की राखियां देखने को मिल रही हैं। बाजार में सजने वाली इन राखियों से एक बात को साफ दिखाई देती है कि बदलते वक्त के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार भी स्टाईलिश होता जा रहा है।



राखी की दुकानों पर छोटे बच्चों के लिए कार्टून वाली राखी उपलब्ध हैं। इसमें रबड़ के मोटू-पतलू, लिटिल सिंघम, छोटा भीम, बेनटेन आदि की राखी मौजूद हैं। बहनें अपने छोटे भाईयों या भतीजों के लिए कार्टून वाली राखी खरीद रही हैं।वहीं कई स्थानों पर लोगों ने अस्थायी दुकानें बनाकर राखी बेचना शुरू कर दी है। सिकंदरपुर के चौक बाजार, हॉस्पिटल रोड, जलपा स्थान, बस स्टैंड, मनियर रोड, नगरा मोड़, बेल्थरा मार्ग आदि जगहों पर अस्थायी दुकानें सज गई है।बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए मोतियों व ब्रासलेट को ज्यादा पसंद कर रही हैं तो बच्चों के लिए टेडीनियर को राखी खरीद रही हैं। कई बहनें अपने भाई की कलाई पर सोने और चांदी की राखी बांधने के लिए ज्वेलर्सों की दुकानों पर खरीदारी करती नजर आ रही हैं।

# पीएचसी कोटवारी मे हुआ मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन

आशु खरवार, दैनिक समाज जागरण रसडा.(बलिया) : राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय रसड़ा द्वारा "मुख्यमंत्री आरोग्य मेला" कार्यक्रम के अंतर्गत न्यू पीएचसी कोटवारी में रविवार को आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।



मेले का शुभारंभ आयुर्वेद चिकित्सालय रसडा. के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ .धीरज विश्वकर्मा ने फीता काटकर किया। मेले में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी विश्वकर्मा द्वारा कुल 50 मरीजों को आयुर्वेदिक औषधि प्रदान की गई। उपस्थित लोगों में आयुर्वेद के प्रति उत्साह दिखाई दिया मरीजों ने अपनी पीडा. बताकर आयुर्वेदिक दवाइयां ली।

# जब डाकुओं ने गड़ासा से किया प्रहार,पत्थर में से निकला खून

*-महिमा भोलेनाथ की*
*- खुले आसमान और विशाल बरगद की छाया में रहते है भोलेनाथ*
*-निर्माण के बाद आज भी मंदिर खंडहर में हो जाता तब्दील*

**कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : श्रावण को शिवत्व के अनुरूप वर्ष का सबसे पवित्र महीना माना जाता है, तथा साप्ताहिक दिन सोमवार को शिव की उपासना का दिन माना गया है। इस प्रकार श्रावण माह के सोमवार की महत्ता और भी अधिक हो जाती है। श्रावण को साधारण बोल-चाल की भाषा में सावन कहा जाता है, अतः सावन भगवान शिव का सबसे प्रिय माह माना जाता है। आज आप सभी का ध्यान हम बलिया जनपद के एक और ऐतिहासिक शिव मंदिर सिधेश्वर धाम की तरह करते हैं।
बलिया जिला मुख्यालय से लगभग 38 किमी दूर जिगिड़सर स्थित सिधेश्वर नाथ महादेव (सिधेश्वर धाम) का प्रसिद्ध शिव मंदिर है। जहाँ माँगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है। ऐसी मान्यता है जोगिसर नामक एक गाँव था जो बाद में



जिगिड़सर हुआ। जिगिड़सर गाँव पहले चारो तरफ से जंगल से घिरा था। जंगल में ही डाकू घुस कर डकैती की योजना बना रहे थे, कि जंगल से अचानक आवाज आई कि जग जाओ डाकू आ गए हैं। तब तक जिगिड़सर गाँव के सोए हुए लोग जग गए। डाकुओं ने गांव के लोगों की नींद खुलते ही डकैती की योजना को फेल कर दिया और जहाँ से आवाज आई उसी स्थल पर डाकू पहुँच गए। डाकुओं को एक बड़ा सा पत्थर दिखाई दिया। डाकुओं ने अपना काम नहीं बनता देख गुस्से में आकर उस पत्थर पर गड़ासा से प्रहार कर दिया। प्रहार होते ही उस पत्थर से खून निकल आया। खून बहता देख डाकू अचंभित हो गए तथा डर के मारे भागने लगे। उसी दौरान फिर उस पत्थर से आवाज आई कि तुम लोग अपने घर नही पहुँच पाओगे। ऐसे में कुछ दूरी पर सभी डाकुओं की गिरकर मौत हो गई । गाँव वालों को जब यह पता चला तो उस पत्थर की खुदाई करने लगे।परन्तु पत्थर उतना ही लम्बा होता गया। तभी भगवान शिव प्रकट होकर सभी को दर्शन देते हुए अपने को खुले आसमान में ही रहने को कहकर अंतर्ध्यान हो गए। कटा हुआ शिवलिंग एवं नंदी महाराज विशाल बरगद के पेड़ के नीचे खुले आसमान में जमीन से चार पांच फीट ऊंचे चबूतरे पर बिराजमान हैं। उन्ही के चबूतरे से सटा शिव पोखरा है। जिगिड़सर गाँव के ग्रामीण व आसपास के लोगों ने मंदिर बनाने का बहुत प्रयास किया। किंतु जब भी मंदिर बनता तुरन्त खंडहर में तब्दील हो जाता है आज तक। भगवान आज भी वहां खुले आसमान के नीचे ही विराजते हैं।

# ट्रक के धक्के से युवक की मौत, एक घायल

**शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : बलिया-रसड़ा मार्ग पर शनिवार की रात ट्रक के धक्के से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं हादसे में एक अन्य युवक भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार गड़वार थाना क्षेत्र के चिलकहर निवासी संजय (35) और पहाड़पुर निवासी संजीव राम (36) चिलकहर रेलवे स्टेशन की तरफ से बाइक से आ रहे थे। इसी दौरान रसड़ा-बलिया मार्ग पर रेलवे मोड़ पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गयी। इससे बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां दोनों की हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने मऊ रेफर कर दिया। वहां चिकित्सक ने संजय को मृत घोषित कर दिया। घायल संजीव की हालत भी गम्भीर है।

# विद्युत उपकेंद्र की ट्राली जलने से पेयजल और सिंचाई का संकट

**विवेक राय दैनिक समाज जागरण**

नरहीं (बलिया) : विद्युत उपकेंद्र चितबड़ागांव की ट्राली जलने से सोहांव ब्लॉक के 40 से अधिक गांवों में उमसभरी गर्मी और पेयजल आपूर्ति संकट गहरा गया है। बिजली अनापूर्ति से लोगों में हाहाकार मचा है। स्थिति यह है कि कुछ किसानों तो अपनी धान की नर्सरी को काट कर मवेशियों को खिला रहे हैं। अनेकों जगह धान की रोपाई रूक गई है। बताया जाता है कि बीते बुधवार को चितबड़ागांव पावर हाउस की 33 हजार केवीए के ट्रांसफार्मर जल जाने से ब्लॉक क्षेत्र के 40 से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई और इलाका अंधेरे में डूब गया। नरहीं पानी टंकी से डेढ़ दर्जन गांवों की पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। वहीं इस साल कम बारिश होने से धान की खेती भी पिछड़ गई है। उपकेंद्र के जले हुए ट्रांसफार्मर को ठीक करने की कवायद शनिवार की शाम शुरू हो गई। बाहर से आए टेक्निशियन जांच करने में जुट गए अब देखना यह है कि चितबड़ागांव विद्युत उपकेंद्र कब तक ठीक होता है। कैथवली में नया स्थापित विद्युत उपकेंद्र को चालू करने की प्रक्रिया शुक्रवार की शाम शुरू हुई जो असफल रही। जबकि कैथवली विद्युत उपकेंद्र का उद्घाटन 29 फरवरी 2020 को हो गया था लेकिन अभी तक यहां से सप्लाई शूरू नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विभागीय अधिकारी कैथवली विद्युत उपकेंद्र को लेकर थोड़ा भी गंभीर रहे होते तो आज बिजली के लिए तरसना नहीं पड़ता।

# नगर में अकीदत से निकला मुहर्रम सातवीं का जुलूस

**रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण**

सिकन्दरपुर (बलिया) : मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाये जा



रहे मातमी पर्व मुहर्रम के तहत शनिवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी सातवीं का (गोल) जुलूस निकाला गया। कर्बला से 'मिट्टी कोड़ाई की रस्म पूरी की गई।
नगर के तीन मोहल्लों बढा, डोमनपुरा व भिखपुरा से वहां के ताजिया कमेटी के अध्यक्षों के नेतृत्व में रात्रि करीब 11 बजे अलग अलग निकले जुलूस परम्परागत मार्गों पर भ्रमण करते हुए बढा मोहल्ला स्थित दरगाह के मैदान में पहुंचे। जहां से चल कर डोमनपुरा का गोल मोहल्ला मुड़ियापुर स्थित दाता साहब के मजार प्रांगण में पहुंच कर खड़ा हो गया। कुछ देर तक अपने अपने स्थान पर रूक कर सभी जुलस वहां से प्रस्थान कर दूसरे मार्गों से भ्रमण करते देर रात पुनः अपने अपने मोहल्ले में वापस आ कर समाप्त हुए। जुलूस में समाजसेवी और पुलिस बल मौजूद रहा.

# घर से गायब किशोरी मिली वाराणसी में, परिजन लेने को रवाना

**नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की किशोरी बुधवार को घर से बिना बताए बाहर गई इसके बाद से घर वापस नहीं आई। इसके बाद से बुधवार रात से ही परिजन खोजबीन तलाश में लग गए। काफी खोजबीन किया गया इसके बाद शनिवार को चाइल्ड केयर सेंटर वाराणसी एवं वहां के जनता द्वारा परिजनों को सूचना देकर किशोरी को अपने अभिरक्षा में रखने की बात बताई गयी।
परिजन तत्काल वाराणसी के लिए रवाना हो गए। क्षेत्रिय लोगों में तरह-तरह की चचाएं व्याप्त है। सभी चीज को खंडन करते हुए चौकी प्रभारी बांक बहादुर सिंह ने बताया कि बताया कि चौकी या थाने पर कोई तहरीर नहीं दी गई है। चाइल्ड केयर सेंटर वालों का फोन जरूर आया था। परिजन गए हुए हैं। परिजन के तहरीर व लड़की के बयान के अनुसार आगे की कार्रवाई पुलिस करेगी। समाचार लिखे जाने तक परिजन वाराणसी रवाना हो गए थे। लेकिन अभी गांव पर नहीं पहुंचे हैं।

# एंबुलेंश में ही कराया सुरक्षित प्रसव, जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ

**कृष्ण मुरारी पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

नगरा (बलिया ) : क्षेत्र की एक महिला ने रविवार को अस्पताल जाते समय एबुंलेंस में ही बच्चे को जन्म दिया। महिला को प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिवार के लोग उसे एंबुलेंस से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य नगरा लेकर जा रहे थे।
महिला में रास्ते में ही बच्चे को जन्म दिया। ग्राम मलफ खपटही निवासी रेशमी देवी को रविवार को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। रेशमी देवी के पति कईम ने 108 एंबुलेंस को फोन लगाया। करीब 12 मिनट बाद एम्बुलेंस रेशमी देवी के घर पहुंच गई।



पत्नी रेशमी देवी को एंबुलेंस से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा लेकर जा रहे थे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने से पहले रेशमी देवी को प्रसव पीड़ा बढ गई। तब एंबुलेंस के ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन) विधि चन्द चौहान और पायलट अवधेश कुमार रास्ते में ही एंबुलेंस को रोक लिया। अपनी सूझबूझ से काम लेते हुए महिला के परिजनों और आशा साथ एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव करा दिया। बाद में महिला को प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर आन ड्यूटी स्टाप नर्स अनुभा सिंह ने बताया कि प्रसव के बाद जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित हैं।

# पूर्व मंत्री ने किया कोविड बुस्टर डोज का शुभारंभ

**कृष्ण मुरारी पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

नगरा ( बलिया) : आजादी के अमृत महोत्सव पर रविवार को आयोजित कोविड बुस्टर डोज शिविर का शुभारंभ दर्जा प्राप्त पूर्व राज्य मंत्री, भाजपा नेता छट्ठू राम ने फीता काट कर किया।



इस दौरान उन्होने स्वयं ही बुस्टर डोज लगावाया साथ ही अन्य को भी डोज लगवाने हेतु प्रेरित किया। कहा कि कोविड से बचाव के लिये बुस्टर डोज जरुरी है। प्रदेश सरकार आजादी के अमृत महोत्सव पर निःशुल्क बुस्टर डोज लगवा रही है। इसका लाभ सभी को उठाना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अरविंद नारायण सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. राहुल सिंह, डा. रिंकेश सिंह , कंचन वर्मा मौजूद रहे।

# तिरंगा यात्रा लेकर चले काशी पैदल यात्रा

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमृत महोत्सव के महा पर्व पर हरघर तिरंगा घरघर तिरंगा के हीरो के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय संत श्री कुलकणीर्जी महाराज जिन्होंने अपनी पूरी बार्षिक पेंशन से गरीबों के लिए शुद्ध पानी पीने का नल तथा टाइलेट की व्यवस्था करने हेतु अमेठी जिले में काफी लोगों की मदद करके सुविधा प्रदान की है। तथा उन्हीं की प्रेरणा से अमेठी जिला मिशन कार्यकारिणी के अध्यक्ष माननीय अजय त्रिपाठी जी ने शौर्य संकल्प के साथ आज दिनांक 06/08/2022 को सुबह दस बजे ग्रामसभा बस्तीदेवी से मऊ गौरीगंज तक जगह जगह राष्ट्र भक्तों ने माला फूल पहनाकर स्वागत किया तथा शुभकामनाएं दीं।जिला अमेठी से प्रतापगढ़, जंघई, होते हुए बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर धाम तक पहुंचने के लिए सुबह शाम प्रतिदिन40/कि0मी0 के हिसाब से चलकर शुभ रक्षाबंधन के दिन 11/08/2022/को पहुंचकर गंगा स्नान कर गंगा जल से बाबा काशी विश्वनाथ जी का अभिषेक करने का संकल्प लिया है। सभी राष्ट्र भक्तों से अनुरोध है कि प्रतिदिन के सुबह-शाम के पड़ाव जहां



भी हो उस नगर के महानभाव इनकी देशभक्ति के जुनून को माला फूल से स्वागत तथा भोजन पानी की सुविधा की चिंता जरूर करने की कृपा प्रदान करें। प्रभु हरहर बं बं भोले बाबा काशी नाथ जी से प्रार्थना है कि भाईजी की संकल्प यात्रा की मनोकामना पूर्ण होने का प्रयास निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु साहस व महारक्षा प्रदान करने की कृपा करें। धन्यवाद सादर प्रणाम वन्देमातरम जयश्रीराम हरहर महादेव। जिला अमेठी के ऐसे राष्ट्र भक्त परिवार को बारंबार सादर प्रणाम। रामरतन जायसवाल जिलामंत्री अमेठी विश्व हिन्दू परिषद काशी प्रांत आदि लोग मौजूद रहे।

# बिजली की चपेट में आने से महिला की हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**समाज जागरण**
**मनोज यादव ब्यूरो अमेठी**

गौरीगंज/अमेठी बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने महिला के शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना की सूचना पाते ही तहसील प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। गौरतलब हो कि कोतवाली गौरीगंज के नरौली वासी रामेश्वर की पत्नी रामपति शनिवार देर शाम लगभग 8 बजे घर से सटे खम्भे में बंधी अर्गन से कपड़ा उतार रही थी। जिसमें पहले से ही करंट प्रभावित हो रहा था। जिस पर हाथ लगाते ही वह बिजली की चपेट में आकर जमीन पर गिर गई। ग्रामीण और परिजन आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाते ही उपजिलाधिकारी राकेश कुमार के निर्देश पर नायब तहसीलदार आशुतोष पाण्डेय पीड़ित



परिजनों के घर पहुंचकर उन्हें ढाढस बंधाते हुए हर तरह से प्रशासनिक मदद दिए जाने का आश्वासन दिया। मृतका के तीन पुत्र और तीन पुत्रियां है। घटित घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ हैं। बिजली विभाग के कर्मियों न पहुंचने से ग्रामीणों में बहुत ही रोष व्याप्त है।

# एसीसी ट्रस्ट द्वारा विश्व स्तनपान दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**



डायरेक्टर प्लांट एसीसी विवेक मिश्रा के निर्देशन में विश्व सत्यापन दिवस कार्यक्रम आयोजन किया गया आंगनवाड़ी केंद्र अर्जुनपुर , बेलखौर , अरगवा में आयोजित किया गया जिसमें सेक्टर सुपरवाइजर एएम एम आगन बाड़ी कार्यकत्री , सहायिका आशाबाहु की उपस्थित में किया गया जिसमें धात्री महिलाओं और गर्भवती महिलाओं को स्तन पान के बारे में जागरूक किया गया स्तनपान कराने के तरीके और उपयोगिता के बारे में बताया ।

जन्म के बाद 1 घण्टे के अन्दर केवल मां का ही दूध पिलये साथ ही यह भी बताया गया कि 6 माह तक के बाद ० 2 वर्ष तक ऊपरी आहार के साथ माँ का दूध पिलाए इसके लिए सभी गर्भवती और धात्री महिलाओं को प्रेरित किया गया डिलवेरी के बाद स्तन पान कराने से होने वाले लाभ के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया

## शांति सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सन्दिध व्यकितयों व वाहनों की अमेठी पुलिस द्वारा की गई चेंकिंग

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अपराध एवं अपराधियों के घर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में टीकर माफी पुलिस द्वारा मय हमराह द्वारा तलाश वांछित व देखभाल क्षेत्र चेंकिग सदिन्ध व्यक्ति / वाहन के दौरान मोटरसाइकिल सवार अभियुक्त सूर्य सेन पुत्र शिवराम गांव सरैया अग्निहोत्री गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया ।

# एशिया और ओशिनिया क्षेत्र के लिए आईटीयू के क्षेत्रीय मानकीकरण फोरम (आरएसएफ) का उद्घाटन कल श्री देवुसिंह चौहान करेंगे

## फोरम की बैठक में 20 देशों के 250 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे

फोरम बैठक के बाद आईटीयू-टी स्टडी ग्रुप 3 क्षेत्रीय ग्रुप तथा ओशिनिया (आईटीयू-टी एसजी3आरजी-एओ) की चार दिन की बैठक 9 अगस्त, 2022 से 12 अगस्त, 2022 तक होगी

आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान समारोह के हिस्से के रूप में संचार मंत्रालय 8 अगस्त, 2022 को नई दिल्ली में एशिया तथा ओशिनिया क्षेत्र के लिए अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार यूनियन के क्षेत्रीय मानकीकरण फोरम (आर-एसएफ) की मेजबानी कर रहा है।

फोरम का विषय है "दूरसंचार/आईसीटी के विनियामक तथा नीतिगत पक्ष"। फोरम की बैठक के बाद अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार यूनियन-टी अध्ययन समूह 3 क्षेत्रीय समूह एशिया तथा ओशिनिया (आईटीयू-टी एसजी3आरजी-एओ) की चार दिवसीय बैठक 9 अगस्त, 2022 से 12 अगस्त, 2022 तक होगी।

**क्षेत्रीय मानकीकरण फोरम का उद्घाटन संचार राज्य मंत्री श्री देवुसिंह चौहान करेंगे।**

क्षेत्रीय मानकीकरण फोरम विचारों के रचनात्मक आदान-प्रदान का एक मंच है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ सतत डिजिटल परिवर्तन और आईटीयू मानकों की भूमिका, उभरते बाजारों में डिजिटल और वित्तीय समावेश के लिए टेक्नोलॉजी का दोहन, डाटा मूल्य श्रृखंला तथा डिजिटल स्वास्थ्य जैसे प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में भारत के अनुभव सहित मानकीकरण विषयों पर चर्चा की जाती है। पैनल चर्चा का उद्देश्य विभिन्न उप-विषयों के अंतर्गत नीति और नियामक दृष्टि से एशिया और ओशिनिया क्षेत्र के अनुभव के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान करना है। क्षेत्रीय मानकीकरण फोरम को 15 प्रख्यात वक्ता संबोधित करेंगे, इनमें शैक्षिक जगत, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, आईसीटी क्षेत्र तथा भारत सरकार के प्रतिनिधि होंगे। आईटीयू के सदस्य राज्य, क्षेत्र के सदस्यों, एसोसिएट्स, शैक्षणिक संस्थानों, आईटीयू के सदस्य तथा आईटीयू के सदस्य देश का कोई व्यक्ति जो आईटीयू के कार्य में योगदान देना चाहता है, उसके लिए फोरम में भागीदारी खुली है। इसमें ऐसे व्यक्ति शामिल हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय तथा राष्ट्रीय संगठनों के सदस्य हैं। क्षेत्रीय मानकीकरण फोरम की बैठक में 20 देशों के 250 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। आरएसएफ में हुई चर्चा के प्रमुख बिन्दुओं को एशिया तथा ओशिनिया के आईटीयू-टी क्षेत्रीय समूह की आगे की बैठकों में प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि उभरते क्षेत्रों में मानकीकरण पर आगे काम किया जा सके।

दूरसंचार विभाग फोरम बैठक स्थल पर प्रदर्शनी लगाएगा, ताकि भारत के नवाचारी डिजिटल उत्पाद/सेवाएं दिखाई जा सकें।

फोरम की बैठक के बाद 09 अगस्त, 2022 से 12 अगस्त, 2022 तक आईटीयू-टी अध्ययन समूह 3 क्षेत्रीय समूह एशिया और ओशिनिया (आईटीयू-टी एसजी3आरजी-एओ) की बैठक होगी। सदस्य राज्यों तथा आईटीयू-टी क्षेत्र सदस्यों के लिए यह बैठक खुली है और 130 से अधिक प्रतिभागी इस बैठक में योगदान करेगें। कोविड-19 के कारण तीन वर्ष के अंतराल के बाद हो रही क्षेत्रीय समूह एशिया तथा ओशिनिया की बैठक वास्तविक रूप में हो रही है। इस बैठक का उद्देश्य आईटीयू-टी अध्ययन समूह 3 के मानकीकरण कार्य में योगदान करना तथा एशिया तथा ओशिनिया क्षेत्र के हित को सुरक्षित रखना भी है।

क्षेत्रीय समूह बैठक में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों के क्षमता निर्माण के लिए "मानकीकरण में प्रभाव" कार्यशाला मानकीकरण अंतर प्रशिक्षण को पाटने से प्रारंभ होगी। इसका नेतृत्व आईटीयू जिनेवा के अध्ययन समूहों के प्रमुख डॉ. बिलेल जमौसी करेंगे।

जिनेवा मुख्यालय के आईटीयू दल के अतिरिक्त, कार्यक्रमों में एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए आईटीयू क्षेत्रीय कार्यालय की निदेशक सुश्री अत्सुका ओकुडा भी भाग लेंगी।

# भारत के 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में श्री जगदीप धनखड़ के चुनाव के प्रमाणन पर मुख्य चुनाव आयुक्त श्री राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त श्री अनूप चंद्र पांडे के हस्ताक्षर

आयोग ने अपने प्रेस नोट दिनांक 29 जून, 2022 के माध्यम से सोलहवें उपराष्ट्रपति चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की थी, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ 6 अगस्त, 2022 को मतदान की तारीख और मतगणना की तारीख तय की गई थी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मतदान 6 अगस्त, 2022 को नई दिल्ली स्थित संसद भवन में संपन्न हुआ। मतदान के लिए पात्र कुल 780 मतदाताओं में से, 725 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिनमें से 15 मतपत्र अवैध घोषित किए गए। उक्त चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर



लोकसभा के महासचिव थे, जिन्होंने मतगणना समाप्त होने के बाद 6 अगस्त, 2022 को श्री जगदीप धनखड़ को भारत के अगले उपराष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित घोषित किया। राजपत्र में कार्यक्रम अधिसूचना के प्रकाशन के साथ, जो प्रक्रिया 05 जुलाई, 2022 को शुरू हुई थी, वह आज भारत गणराज्य के चौदहवें उपराष्ट्रपति के रूप में श्री जगदीप धनखड़ के चुनाव के प्रमाणन पर मुख्य चुनाव आयुक्त श्री राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त श्री अनूप चंद्र पांडे के हस्ताक्षर के साथ समाप्त हुई। इसके पश्चात, इसकी एक हस्ताक्षरित प्रति वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त श्री धर्मेंद्र शर्मा और वरिष्ठ प्रधान सचिव श्री नरेंद्र एन. बुटोलिया द्वारा केंद्रीय गृह सचिव को सौंपी गई, जिसे 11 अगस्त, 2022 को भारत के नए उपराष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पढ़ा जाएगा।

# राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण के तहत अब तक 206.21 करोड़ से अधिक टीके लगाए जा चुके हैं


## 12-14 आयु वर्ग में 3.94 करोड़ से अधिक टीके की पहली खुराक लगाई गई

भारत में कोरोना के सक्रिय मामले 1,34,933 हैं
पिछले 24 घंटों में 18,738 नए मामले सामने आए
स्वस्थ होने की वर्तमान दर 98.50 प्रतिशत
साप्ताहिक सक्रिय मामलों की दर 4.63 प्रतिशत है

भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज आज सुबह 7 बजे तक अंतिम रिपोर्ट के अनुसार 206.21 करोड़ (2,06,21,79,411) से अधिक हो गया। इस उपलब्धि को 2,73,73,255 टीकाकरण सत्रों के जरिये प्राप्त किया गया है।

12-14 आयु वर्ग के लिए कोविड-19 टीकाकरण 16 मार्च, 2022 को प्रारंभ हुआ था। अब तक 3.94 करोड़ (3,94,89,966) से अधिक किशोरों को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगाई गई है। समान रुप से 18-59 आयु वर्ग के लिये प्रीकॉशन खुराक भी 10 अप्रैल, 2022 को प्रारंभ की गई थी।

आज सुबह 7 बजे तक की अस्थायी रिपोर्ट के अनुसार कुल टीकाकरण का विवरण इस प्रकार से है:




| डोज़ लगाई गई | पहली डोज़ | दूसरी डोज़ | एहतियाती डोज़ |
|---|---|---|---|
| स्वास्थ्य कर्मी | 1.04 करोड़ | 1 करोड़ | 64.44 लाख |
| फ्रंटलाइन कर्मी | 1.84 करोड़ | 1.76 करोड़ | 1.25 करोड़ |
| आयु वर्ग 12-14 वर्ष | 3.94 करोड़ | 2.86 करोड़ | - |
| आयु वर्ग 15-18 वर्ष | 6.13 करोड़ | 5.14 करोड़ | - |
| आयु वर्ग 18-44 वर्ष | 55.97 करोड़ | 50.98 करोड़ | 3.20 करोड़ |
| आयु वर्ग 45-59 वर्ष | 20.37 करोड़ | 19.55 करोड़ | 2.04 करोड़ |
| 60 साल से अधिक | 12.74 करोड़ | 12.21 करोड़ | 3.45 करोड़ |

# उपराष्ट्रपति ने अपने एक दिवसीय गुजरात दौरे के दौरान द्वारका और सोमनाथ के विभिन्न पवित्र स्थलों का दौरा किया

## उपराष्ट्रपति ने गुजरात को ह्यमहापुरुषों की भूमिह्व के रूप में वर्णित किया, जो न केवल आध्यात्मिक रूप से ताजगी से भर देती है बल्कि देशभक्ति की एक शक्तिशाली भावना को भी जागृत करती है

## भारत के खूबसूरत मंदिर हमारी समृद्ध संस्कृति और हमारे पूर्वजों की उच्च स्तर की क्षमताओं की झलक देते हैं- उपराष्ट्रपति

## सोमनाथ न सिर्फ अपने आध्यात्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यह भारत की दृढ़ता की भावना का भी प्रतीक है- उपराष्ट्रपति

## श्री नायडु ने गांधी जी के जन्मस्थान का दौरा किया; उन्होंने नागरिकों से खादी पहनने और उसको बढ़ावा देने की अपील की

उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडु ने अपनी पत्नी श्रीमती उषा नायडु और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ आज गुजरात में विभिन्न पवित्र स्थलों का दौरा किया और राष्ट्र की शांति, प्रगति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की। दिन भर के इस दौरे के दौरान, जोकि भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में उनका आखिरी दौरा था, श्री नायडु पोरबंदर में महात्मा गांधी जी के जन्मस्थान पर भी गए। बाद में एक फेसबुक पोस्ट में, उपराष्ट्रपति ने गुजरात को 'महापुरुषों की भूमि' के रूप में वर्णित किया, जो न केवल आध्यात्मिक रूप से ताजगी से भर देती है बल्कि देशभक्ति की एक शक्तिशाली भावना को भी जागृत करती है।

उपराष्ट्रपति ने अपनी दिन भर की आध्यात्मिक यात्रा की शुरूआत पवित्र नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, जोकि द्वारका का एक पावन मंदिर और भारत के 12 ज्योतिलिंगों में से एक है, के दर्शन के साथ की। उन्होंने दौरे के दौरान कहा कि पवित्र मंदिरों का दर्शन करने से हमारे भीतर हमेशा विनम्रता, आशा, सत्य एवं अच्छाई में विश्वास और करुणा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि नागेश्वर ज्योतिर्लिंग की यह कथा, हमारे इस विश्वास को और अधिक मजबूत करती है कि बुराई पर हमेशा अच्छाई की जीत होगी। युवा पीढ़ी से हमारे इतिहास के ऐसे प्रतिष्ठित स्थलों की यात्रा करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की यात्राएं और तीर्थयात्रा इस विश्वास को पुष्ट करते हैं कि हमारे सदियों पुराने सांस्कृतिक मूल्य और सभ्यतागत गुण हमें सही रास्ते पर ले जाते हैं। उन्होंने कहा, "हम यह अमूल्य सबक सीखते हैं कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, सुरंग के अंत



में हमेशा रोशनी होती है ह्व

नागेश्वर ज्योतिर्लिंग की यात्रा के बाद, श्री नायडु और उनके परिवार के सदस्यों ने द्वारकाधीश मंदिर में प्रार्थना की, जो भारत के सबसे प्रतिष्ठित मंदिरों में से एक है। यह द्वारका में गोमती नदी के तट पर स्थित है। द्वारकाधीश मंदिर, जिसे 'जगत मंदिर' के नाम से भी जाना जाता है, भारत में 'चार धाम' तीर्थ स्थलों में से एक है। मंदिर के स्थापत्य के बारीक स्वरूप की प्रशंसा करते हुए, उन्होंने कहा कि ऐसे सुंदर मंदिर हमारी समृद्ध संस्कृति और हमारे पूर्वजों की उच्च स्तर की क्षमताओं की झलक आज भी दे रहे हैं। उन्होंने आधुनिक वास्तुकारों से इन ऐतिहासिक एवं कालातीत स्मारकों से प्रेरणा लेने और इन प्रासंगिक पद्धतियों को समकालीन वास्तुकला में समावेश करने की अपेक्षा व्यक्त की। उन्होंने कहा, "इस तरह हम न सिर्फ अधिक टिकाऊ इमारतें बनाने में सक्षम हो पायेंगे बल्कि अपनी संस्कृति के मर्म को जीवित रखने में समर्थ रहेंगे।"

द्वारकाधीश मंदिर के बाद उपराष्ट्रपति पोरबंदर स्थित कीर्ति मंदिर गए, जो ह्यराष्ट्रपिताह्व महात्मा गांधी जी के जन्मस्थान और पैतृक घर पर बना एक स्मारक है। उपराष्ट्रपति ने वहां प्रदर्शित गांधी जी के चरखे का उल्लेख करते हुए इसे हमारे स्वतंत्रता संग्राम के सबसे शक्तिशाली प्रतीकों और महत्वपूर्ण उपकरणों में से एक बताया। गांधी जी द्वारा शुरू किए गए खादी आंदोलन के महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने 'हमारे राष्ट्रपिता' को एक सच्ची श्रद्धांजलि के तौर पर सभी को खादी पहनने और उसको बढ़ावा देने को कहा। इस यात्रा के बाद, उपराष्ट्रपति ने कीर्ति मंदिर की आगंतुक पुस्तिका में निम्नलिखित टिप्पणी लिखी-

"मैं महात्मा गांधी के जन्मस्थान पोरबंदर में कीर्ति मंदिर का दौरा करके स्वयं को बहुत सम्मानित और सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। दुनिया को अन्याय के खिलाफ संघर्ष के हथियार के रूप में सच्चाई और अहिंसा की शक्ति का एहसास कराकर, गांधीजी ने संपूर्ण मानवता पर एक अमिट छाप छोड़ी। मैं सभी से, विशेषकर युवा पीढ़ी से, यहां आने और महात्मा के जीवन एवं आदर्शों से प्रेरणा लेने का आग्रह करता हूं।"

आजादी का अमृत महोत्सव' समारोह का उल्लेख करते हुए, श्री नायडु ने देशवासियों से एक उभरते भारत के निर्माण की दिशा में काम करने की अपील की, जहां हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उचित पोषण मिले। एक ऐसा भारत, जहां कोई भूखा न सोए। एक ऐसा भारत जहां वंचित तबके के लोग सशक्त हों। एक ऐसा भारत जहां बुजुर्गों के साथ अत्यधिक सम्मान के साथ व्यवहार हो। एक ऐसा भारत, जहां युवा विश्वगुरु की अपनी खोई हुई विरासत को दोबारा हासिल करने की प्रक्रिया में राष्ट्र का नेतृत्व करें ह्व

बाद में शाम को, श्री नायडु और उनके परिवार ने ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर में प्रार्थना की, जो गुजरात में सौराष्ट्र के सागर कांत क्षेत्र में स्थित है और भगवान शिव के 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक है। श्री नायडु ने लिखा कि सोमनाथ न केवल अपने आध्यात्मिक महत्व और भव्यता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यह भारत की दृढ़ता की भावना का भी प्रतीक है। उन्होंने मंदिर की आगंतुक पुस्तिका में निम्नलिखित टिप्पणी की-

ह्लमैं सोमनाथ मंदिर का दौरा करके बहुत खुश हूं। इस मंदिर का भव्य स्थापत्य और इसकी आध्यात्मिक आभा वास्तव में अद्भुत है। मैं लोगों से इस मंदिर को देखने और हमारी सभ्यता के सांस्कृतिक अजूबे की सराहना करने का आग्रह करता हूं।"

अपने दौरे के समापन के बाद, श्री नायडु ने कहा कि भारत में ऐसे कई स्थल हैं जिनका महान ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व है। ऐसे स्थानों के बारे में हमारे युवाओं को परिचित कराने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने शिक्षण संस्थानों को छात्रों को ऐसे स्थानों पर ले जाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल उन्हें हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में व्यापक जानकारी मिलेगी बल्कि उनमें अपने राष्ट्र के प्रति गर्व की भावना भी आएगी।

उपराष्ट्रपति और उनके परिवार के आज सुबह जामनगर पहुंचने पर गुजरात के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत और गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र रजनीकांत पटेल ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

उपराष्ट्रपति के गुजरात दौरे के बारे में उनके फेसबुक पोस्ट का लिंक यहां पर देखा जा सकता है-

# राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के पास कोविड-19 टीके की उपलब्धता


## राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 197.30 करोड़ से अधिक टीके प्रदान किये गए

राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के पास अभी भी 7.20 करोड़ से अधिक अतिरिक्त और बिना इस्तेमाल हुई खुराकें मौजूद हैं

ढङ्म२३ीं डल्लः 07 अवक्र2022 9:13अट८ ढक्ष ॐ

केंद्र सरकार देशभर में कोविड-19 टीकाकरण का दायरा विस्तृत करने और लोगों को टीके लगाने की गति को तेज करने के लिये प्रतिबद्ध है। राष्ट्रव्यापी कोविड 19 टीकाकरण अभियान 16 जनवरी,2021 को प्रांरभ हुआ था। कोविड-19 के टीके को सभी के लिए उपलब्ध कराने के लिए नया चरण 21 जून 2021 से शुरू किया गया था। टीकाकरण अभियान की रफ्तार को अधिक से अधिक टीके की उपलब्धता के जरिये बढ़ाया गया है। इसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को टीके की उपलब्धता के बारे में पूर्व सूचना प्रदान की जाती है, ताकि वे बेहतर योजना के साथ टीके लगाने का बंदोबस्त कर सकें और टीके की आपूर्ति श्रृंखला को दुरुस्त किया जा सके।

देशव्यापी टीकाकरण अभियान के हिस्से के रूप में केंद्र सरकार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निःशुल्क कोविड टीके प्रदान करके उन्हें पूर्ण सहयोग दे रही है। टीके की सर्व-उपलब्धता के नये चरण में, केंद्र सरकार टीका




निमार्ताओं से 75 प्रतिशत टीके खरीदकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निःशुल्क प्रदान करेगी।

# निजी नर्सिंग होम में अग्नि सुरक्षा से संबंधित सभी जरूरी व्यवस्थाओं का किया जाये निरीक्षण

**समाज जागरण/ शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट ।जबलपुर के एक निजी अस्पताल में हुई अग्नि दुर्घटना के मद्देनजर राज्य शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों, नगर निगम कमिश्नर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं विद्युत सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजकर निजी नर्सिंग होम और अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा से संबंधित सभी जरूरी व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने पत्र में कहा है कि मध्यप्रदेश उपचयार्गृह तथा रुजोपचार संबंधी स्थापनायें अधिनियम के मुताबिक निजी नर्सिंग होम एवं अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा से संबंधित उपाय किया जाना आवश्यक है। पत्र में कहा गया है कि निजी नर्सिंग होम एवं अस्पतालों के पंजीयन के पहले भवन निर्माण संबंधी स्थानीय निकाय द्वारा दी गई अनुमतियों, वैध अस्थाई फायर एनओसी एवं अग्निशमन व्यवस्थाओं के परीक्षण के साथ-साथ बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का लायसेंस, लिफ्ट सर्टिफिकेट, एटमिक एनर्जी रेग्युलेटरी बोर्ड का प्रमाण-पत्र, फूड सेफ्टी लायसेंस, ब्लड बैंक लायसेंस, एमटीपी लायसेंस एवं पीसीपीएनडीटी लायसेंस की भी जांच की जाये।

लोक स्वास्थ्य विभाग ने पत्र में राज्य शासन के निर्णय का हवाला देते हुए कहा है कि आगामी एक माह में अभियान चलाकर सभी नर्सिंग होम एवं अस्पतालों का निरीक्षण कर लिया जाये। निरीक्षण के लिए नर्सिंग होम एवं अस्पतालों की संख्या के लिहाज से निरीक्षण दल गठित करने तथा प्रत्येक निरीक्षण दल में स्वास्थ्य अधिकारी, स्थानीय निकाय के एवं विद्युत सुरक्षा से संबंधित अधिकारी को शामिल करने के निर्देश दिये गये हैं।

# दिलीप लहरिया पूर्व विधायक के नेतृत्व में मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सीपत ब्लाक के ग्राम पंचायत खम्हरिया में बैठक लेकर यात्रा को सफल बनाने बैठक संपन्न

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में 75 किलोमीटर की आजादी गौरव यात्रा निकाले जाने के संबंध में मस्तूरी विधानसभा प्रभारी दिलीप लहरिया के द्वारा मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सीपत ब्लाक के ग्राम पंचायत खम्हरिया में बैठक लेकर यात्रा को सफल बनाने हेतु सभी कांग्रेसी जनों का राय लेकर सर्वसम्मति से रूट चार्ट तैयार किया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रभारी दिलीप लहरिया (पूर्व विधायक मस्तूरी), राजेंद्र धीवर (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीपत),नागेंद्र राय (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मस्तूरी), प्रेमचंद जायसी (उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी),राजेश्वर भार्गव (जिला पंचायत सभापति कृषि समिति ), दुबे सिंह कश्यप, रुपेश रोहिदास, प्रमोद जायसवाल, मनोज खरे, अशोक सूर्यवंशी सहित क्षेत्र के सभी जोन अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस जन उपस्थित रहे..



# राष्ट्रीय किसान बहुजन पार्टी की ओर से नाशिक नगर निगम के पदाधिकारियों की कड़ी निंदा की गयी

**के` रवि (दादा) नाशिक / मुंबई** : राष्ट्रीय किसान बहुजन पार्टी की ओर से नाशिक नगर निगम के पदाधिकारियों की कड़ी निंदा की गयी` क्योंकि नाशिक में विजय ममता सिग्नल पर गरीब खिलौना विक्रेताओं को पीटा गया। इतना ही नहीं, बल्कि पूरी नगर निगम की गाड़ी उनका खाने पीने के सामान , यहां तक कि बच्चो के खिलौने भी ठेले के साथ ले गए। साथ ही नाशिक नगर निगम के अधिकारियों ने परिवारों पर हमला किया` खानाबदोश जाति के लोगों के पास न घर है, न दरवाजा, वे किसी तरह अपना पेट भरते हैं, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों ने उनकी गाड़ियों पर हमला कर दिया और उनके खिलौने छीन लिए` नगर निगम के लोगो ने गरीबों को न्याय देना चाहीए` और कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि न्याय नहीं मिलने पर राष्ट्रीय किसान बहुजन पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शालिग्राम बनसोड़े और अपंग संघटन के राष्ट्रीय सचिव प्रकाश रोकड़े, राजाभाऊ शहाणे , नासिक रोड के अध्यक्ष चंद्रकांत सालवे, नितिन खाटेकड़े , उपाध्यक्ष समाधान पगारे, जिला सचिव डॉ. कय्यूम पठान, महासचिव नाशिक रोड आदि कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किरते कहां की ध्रुव शैली का आंदोलन होगा` *इस तरह भरी बरसात में बीना सहारे , बीना नैन बसेरे के रहने वाले गरीब लोगो पर इस तरह का अत्याचार ना ही तो अच्छा हैं` इस घटना से पीड़ित एक महीला को तो पहनने को एक ढंग का कपड़ा भी नही बचा ,जो एक विडियो में नगर निगम के लोगो को कोसती नजर आ रहि है`



# मुहर्रम को शहरी और ग्रामीण इलाकों से अच्छा प्रतिसाद ...

**के । रवि (दादा) मुंबई**/नगरः ईद इस मुबारक त्यौहार के तुरंत बाद मुस्लिम भाइयों का मुहर्रम आया` यह मुहर्रम मुंबई समेत पूरे देश में भक्ति के साथ मनाया जाता है।

मुहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना है। यह महीना शिया और सुन्नी दोनों ही मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए काफी अहम माना जाता है। इस साल मुहर्रम 31 जुलाई से शुरू हो गया है। मुहर्रम की 10 तारीख को यम-ए-आशूरा के नाम से जाना जाता है। यह इस्लाम का मुख्य दिन है। कहा जाता है कि हजरत इमाम हुसैन मुहर्रम के महीने में शहीद हुए थे। हजरत इमाम हुसैन इस्लाम के संस्थापक हजरत मुहम्मद के सबसे छोटे पोते थे। मुहर्रम के महीने के 10वें दिन हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में लोग शोक मनाते हैं, जिसे आशूरा कहा जाता है। आशूरा शोक का दिन है। इस दिन



मुस्लिम समुदाय आशूरा के रूप में मातम मनाता है।

इस वक्त आशूरा 09 अगस्त



मंगलवार को मनाया जाएगा। साथ ही आशूरा 9 अगस्त को पाकिस्तान और बांग्लादेश में भी होगा। इस्लाम में आशूरा कोई त्योहार नहीं बल्कि मातम का दिन है, जिसमें शिया मुसलमान इमाम हुसैन की याद में दस दिन तक मातम मनाते हैं। आशूरा के दिन, इस्लाम में शिया समुदाय के लोग ताजिया करते हैं और शोक मनाते हैं।

इसी तरह महाराष्ट्र के नगर जिले में मुहर्रम के मौके पर अलग-अलग तस्वीरें देखने को मिली` आज भी इस मुस्लिम प्रथा का महत्व शहरी और ग्रामीण इलाकों में देखा जा सकता है`

वैसे नगर में मोहर्रम मशहूर है दो साल पहले कोरोना वायरस के चलते मोहर्रम को बंद कर दिया गया था। यहां अभी भी बाघ बनाने की परंपरा चली आ रही है।अगर कोई महिला निःसंतान है तो इन्हीं इमाम हुसैन की इबादत की जाती है।

# एक साल की बरसात भी नहीं झेल पाई सड़क, मरम्मत के नाम चढ गई भ्रष्टाचार की भेंट

(संवाददाता) विवेक कुमार समाज जागरण!

राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत सिसेंडी से गौतम खेड़ा मार्ग पर कुछ महीने पहले सड़क खराब होने की वजह से मरम्मत का कार्य किया गया था मगर मरम्मत हुए सिर्फ कई महीने ही हुए हैं और सड़क का पहले से भी ज्यादा जर्जर हो चुकी है इस बरसात के सीजन में सड़क मे बन चुके गड्ढों में हमेशा पानी भरा रहता है और रास्ते में चलने का मार्ग शेष ही बचता है जिसकी वजह से दुर्घटना होती रहती है इस मार्ग में मरम्मत के नाम पर सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार ही हुआ है सरकार में बैठे अधिकारी और ब्लॉक स्तर के अधिकारी भी अब मौन हो गए हैं जांच सिर्फ कागजों पर ही हो जाती है अब यह देखना बाकी होगा कि आखिरकार जिम्मेदार लोग कब तक मौन बैठते हैं क्योंकि इस मार्ग से हजारों व्यक्तियों का प्रतिदिन आना जाना लगा रहता है



# *दस दिवसीय युवा संस्कार अभियान का दूसरा भव्य कार्यक्रम*

## *स्वतंत्रता आंदोलन में आर्य समाज का सर्वाधिक योगदान- राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य*

साहिबाबाद,रविवार 7 अगस्त 2022,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में श्रावणी पर्व व आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 10 दिवसीय युवा संस्कार अभियान का दूसरा भव्य शुभारंभ साहिबाबाद में किया गया।आज गाजियाबाद,साहिबाबाद, सुल्तानपुरी,फरीदाबाद, मंगोलपुरी,संगम विहार,शाहदरा, जींद आदि स्थानों पर आज 10 कार्यक्रम किये गए। साहिबाबाद के राममनोहर लोहिया पार्क राजेन्द्र नगर में सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन में आर्य समाज का सर्वाधिक योगदान रहा है ।आर्य समाज व महर्षि दयानंद जी से प्रेरणा पाकर

# शिवजी की पूजा अर्चना होती है संपूर्ण भारत वर्ष के कल्याण के लिए

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख,**

बेलतरा। श्रावण मास में भगवान शिवजी की पूजा अर्चना संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए बड़ी श्रद्धा भक्ति के साथ किया जाता है। देवशयनी एकादशी के उपरांत भगवान नारायण क्षीर सागर में लंबी निद्रा में चले जाते हैं तब संपूर्ण विश्व के कल्याण का दायित्व भगवान शिव जी पर होता है । शिव का अर्थ ही कल्याण होता है, अर्थात भगवान भोलेनाथ स्वयं कल्याण स्वरुप है इन पर बिल्वपत्र, शमी पत्र, श्वेत कमल, धतूरा तथा आक के पत्र पुष्प चढ़ाने का विशेष महत्व है, वही भगवान और पंचामृत आदि से करने से पुण्य फल की प्राप्ति तथा मनोकामनाएं

शिव जी का रुद्राभिषेक दूध, जल भगवान शिव तो कालजई है वह अकाल मृत्यु को दूर करते हैं और हमारे जीवन में सुख समृद्धि

सिद्ध होती हैं। नगर में आयोजित सप्त दिवसीय महामृत्युंजय यज्ञ अनुष्ठान में आचार्य राजेंद्र जी महाराज ने बताया की भगवान शिव जी में राम नाम अंकित कर बेलपत्र चढ़ाने से 3 जन्मों के पापों का नाश होता है और कन्यादान जैसा पुण्य फल प्राप्त करते हैं । किसी व्यक्ति को बुरे और भयानक डरावने सपने आने पर भगवान शिव में शमी पत्र पंचाक्षर मंत्र 9 ओम नमः शिवाय कह कर समर्पित करने से बुरे सपने आने बंद हो जाते हैं । का पुण्य फल प्रदान करते हैं संपूर्ण विश्व के कल्याण करने के लिए वे स्वयं हलाहल जैसे विष का पान कर लेते हैं और सब को अमृत भी पिलाते हैं । भगवान शिव के दरबार में किसी को भी प्रवेश करने की मनाही नहीं है, भूत, प्रेत, मसान भी इन के दरबार में रहते हैं । सब महादेव कहते हैं।



संसार में केवल एक ही भगवान भोलेनाथ के पूरे परिवार की पूजा होती है अन्य किसी देवी देवता के परिवार की नहीं। शिव परिवार में समरसता के भाव भी दिखते हैं, इनमें सभी के वाहन अलग अलग तथा विषम भाव वाले होकर के भी एक साथ रहते हैं, शिव परिवार में प्राप्त हो रहा है।

यह समरसता का भाव हम सबके लिए बड़े अनुकरणीय हैं । शिव सत्य है शाश्वत हैं और परम सुंदर हैं, और यही राम नाम के आदि आचार्य हैं, जो श्री राम को अपना ईस्ट मानते हैं और राम नाम से अति प्रेम होने के कारण ही इस मसान घाट में किसी व्यक्ति के जले हुए शरीर के राख को भी अपने शरीर में लगा लेते हैं । इसीलिए इन्हें देव नहीं बल्कि हम

आयोजित यज्ञ में विद्वान आचार्यों के द्वारा वेद मंत्रोच्चार के साथ वेदी पूजन एवं रुद्राभिषेक संपन्न कराए जा रहे हैं वही आचार्य देव कृष्ण जी महाराज के द्वारा मधुर संगीत और शिव भक्ति के कर्णप्रिय भजन का आनंद आयोजकों को प्राप्त हो रहा है।

# नवादा के दो डॉक्टरों पर गिरफ्तारी की तलवार, लपेटे में जिला पार्षद अंजनी सिंह और उनके शागिर्द

**पटना से,**
**(बिहार हेड राजेंद्र कुमार पांडेय की रिपोर्ट)**

**समाज जागरण पटना** :नवादा जिले के दो डॉक्टरों वारिसलीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डा धनंजय कुमार और सदर अस्पताल के डा संजीत कुमार पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है।

लपेटे में वारिसलीगंज के जिला पार्षद अंजनी सिंह, उनके सहयोगी पंकज पाठक और मधोरन सिंह भी हैं। कुछ अन्य डॉक्टर और पुलिस पदाधिकारी भी संकट में हैं।

मामला जख्म प्रतिवेदन (इंजरी रिपोर्ट) में तथ्य के साथ छेड़ छाड़ का है। पटना हाईकोर्ट की इसमें दखल ने आरोपितों की मुश्किलें बढ़ा दी है। एसपी द्वारा सभी आरोपितों की गिरफ्तारी का आदेश दिया गया है। इस मामले को समझने के लिए 7 साल पीछे जाना होगा। 2 जुलाई 15 को वारिसलीगंज थाना इलाके के कुटरी ग्रामीण पेशे से भागलपुर के कालेज में प्राध्यापक प्रो. बलिराम प्रसाद के साथ मारपीट की घटना उनके गांव में हुई थी। जिसकी प्राथमिकी उन्होंने थाना में कांड संख्या 181/15 दर्ज कराई थी। हत्या की नीयत से जानलेवा हमला का आरोप था। इस मामले में पीएचसी वारिसलीगंज में कार्यरत डा धनंजय और सदर अस्पताल नवादा में प्रतिनियुक्ति पर रहे डा संजीत द्वारा इंजरी रिपोर्ट दिया गया था। पीड़ित का आरोप था कि गलत इंजरी रिपोर्ट दिया गया है। आरोपितों को लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया गया है।

पीड़ित प्रोफेसर ने फर्जी इंजरी रिपोर्ट तैयार बनाने के दोषियों पर कार्रवाई के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। पीएम से लेकर सीएम तक पत्राचार कर इंसाफ की गुहार लगाई। पुलिस के तमाम वरीय अधिकारियों तक मामले को ले गए। जांच हुई तो पीड़ित पक्ष का दावा सही निकला।

पीड़ित की लड़ाई का असर हुआ कि 3 साल बाद 2018 में दोनों चिकित्सकों और कांड के आरोपितों (मारपीट के आरोपितों) के खिलाफ एफआईआर वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 121/18 दर्ज हुआ।

**पुलिस ने नहीं की आगे की कार्रवाई:**

आरोप है कि भारी दबाव के बीच पुलिस ने प्राथमिकी तो दर्ज कर ली लेकिन किसी आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

एफआईआर के 3 साल बीत गया। इंसाफ नहीं मिलता देख पीड़ित प्रोफेसर पटना हाईकोर्ट पहुंच गए। हाईकोर्ट में याचिका 859/21 दायर किया। हाईकोर्ट से जब पुलिस को नोटिस जारी हुआ तब एसपी ने कांड को आईपीसी की धारा 420, 468, 471, 197, 201, 120 (बी) में सत्य करार देते हुए दोनों चिकित्सक और जिला पार्षद तथा इनके सहयोगियों पंकज पाठक और मधोरन सिंह की गिरफ्तारी का आदेश दिया। 26 जुलाई 22 को हाईकोर्ट में नवादा पुलिस का काउंटर एफीडेविट प्रस्तुत किया गया। जिसमें गिरफ्तारी आदेश का जिक्र है। जिसपर सुनवाई हुई। हाई कोर्ट द्वारा आगे की प्रगति रिपोर्ट तलब किया गया है। 18 अगस्त को फिर सुनवाई होनी है।मामला दो डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई तक सिमटा हुआ नहीं है, बल्कि कई और डॉक्टर भी उलझे हुए हैं। पीड़ित का कहना है की गलत इंजरी रिपोर्ट बनाने की जांच शुरू हुई तो सदर अस्पताल में मेडिकल बोर्ड गठित हुआ था। मेडिकल बोर्ड द्वारा आरोपित चिकित्सकों को बचाने का प्रयास किया गया था। इस टीम में कई नामी गिरामी चिकित्सक थे।

कांड के अनुसंधानकर्ता पर भी संकट :

पीड़ित पुलिस के ढीले ढाले रवैए से भी आहत हैं। कहा की 7 साल से कानून के दायरे में रहकर लड़ाई लड़ रहा हूं। इंसाफ नहीं मिलाबिट थक हारकर हाईकोर्ट की चौखट पर गया। कांड के कई अनुसंधानकर्ता रहे हैं। किसी ने अबतक कुछ भी नहीं किया। उल्टे आरोपितों के साथ मंच शेयर करते रहे। रसूख के कारण ऐसा हुआ। जवाब तो उन्हें भी देना ही होगा। हाईकोर्ट में मजबूती से पक्ष रखूंगा। ऐसा हुआ तो कांड के अनुसंधानकर्ता सहित अन्य अधिकारियों की भी मुश्किलें बढ़ेंगी।जानकार बताते हैं की इंजरी रिपोर्ट देने वाले दोनों चिकित्सकों का कार्यस्थल बदल गया है। डा धनंजय फिलहाल गोविंदपुर सीएचसी के प्रभारी चिकित्सक हैं। वहीं डा संजीत अकबरपुर पीएचसी में पदस्थापित हैं।

# अनवर खान इंजीनियर ने कामां विधानसभा के दर्जनों गावों का किया दौरा

नूंह जुबैर खान नूंह। कामां विधानसभा के युवा नेता अनवर खान इंजीनियर ने दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गांव कठोल, धीमरी, कीडानेर व लोहसर सहित अन्य गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गांवों में जाकर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान अनवर खान इंजीनियर राजस्थान विधानसभा के 2023 में होने वाले चुनावों को लेकर विस्तार से चर्चा की। और लोगों से कहा की में आने वाले विधानसभा का चुनाव कामां से लड़ेंगे। अगर जनता ने उनको मौका दिया तो विधानसभा में वह विकास कार्यों को बढ़ावा दिया। अगर मौका दिया तो आपकी समस्याओं को सरकार से दूर कराने का काम करुंगा। इस मौके पर उनके साथि शौकत धीमरी, संमसू सहसन, रोहन खान, आसिफ अली, साबिर खान, मोसीम खान, रकीब, हसन, फरीद व अन्य लोग मौजूद रहे।




रेहड़ी पटरी संचालक वेल्फेयर एसोसिएशन
रजि॰949 उत्तर प्रदेश
की तरफ से सभी को 76 वे स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाए |





# ताजिये को अंतिम रुप देने में जुटे ताजियादार

**कृष्ण मुरारी पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

नगरा ( बलिया) : मुहर्रम का त्योहार 9 अगस्त को मनाया जायेगा। इसी दिन ताजिया दफन की जायेगी। ताजिये को अंतिम रुप देने में ताजियेदार पूरी तरह जुट गए हैं। नगरा में पूरब मुहल्ला का अंजुमन मासुमिया कमेटी व पश्चिम मुहल्ले की अंजुमन असगरिया कमेटी के लोग अलग अलग ताजिया निकालते हैं। दोनों ताजियों का मिलान प्राथमिक विद्यालय के समीप होती है। अंजुमन असगरिया कमेटी की ताजिया 60 फीट ऊंची होती है। इस अवसर पर कलाकार विभिन्न प्रकार के करतब दिखाते हैं। ताजिया व कलाकारों के करतब को देखने के लिये दूर दूर से महिला व पुरुषों की भीड इकट्ठी होती है। इसे को नियंत्रित्र करने के लिये पुलिस को काफी मशक्कत करनी पडती है। ताजिया जिस मार्ग से गुजरती है उस रास्ते की बिजली एक दिन पहले से ही काट दी जाती है। रास्ते में पडने वाले तार, केबिल सब विद्युत विभाग द्वारा उतार दी जाती है। नगर पंचायत के कर्मचारी साफ सफाई के कार्य में लग चुके हैं। विशेषकर मस्जिदों पर ईदगाह पर सफाई का ध्यान दिया जा रहा है। अंजुमन असगरिया कमेटी के संरक्षक अधिवक्ता शफीक



# ताजिये को अंतिम रुप देने में जुटे ताजियादार

**आशु खरवार, दैनिक समाज जागरण**

रसडा( बलिया) : मुहर्रम का त्योहार 9 अगस्त को मनाया जायेगा। इसी दिन ताजिया दफन की जायेगी। ताजिये को अंतिम रुप देने में ताजियेदार जुट गए हैं। रसडा. नगर के उत्तर पट्टी में स्टोन से बन रहा है। इस अवसर पर कलाकार विभिन्न प्रकार के करतब दिखाते हैं। ताजिया व कलाकारों के करतब को देखने के लिये दूर दूर से महिला व पुरुषों की भीड इकट्ठी होती है। इसे को नियंत्रित्र करने के लिये पुलिस को काफी मशक्कत करनी पडती है।



उत्तर पट्टी निवासी असरफ अंसारी ने बताया कि नगरा सदियों सें आपसी सौहार्द को कायम रखने में अग्रणी रहा है। मुहर्रम में हिंदू भाई भी हर तरह का सहयोग करते हैं। इस साल ताजिया जुलुस को लेकर युवाओं में काफी उत्साह है। इस त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग किया जायेगा।

# आजादी का अमृत महोत्सव

आजादी का अमृत महोत्सव हमे इतिहास याद दिलाता है जो भारत देश मे जन्मे वीर पुरषों की जिन्होंने निडर होकर देश के लिए लड़ाईया लड़ी और देश के लिए लड़ते लड़ते शहीद हो गए ओर भारत देश को आजादी दिलाई अंग्रेजों से गुलाम भारत देश को आजाद कराया

हमे गर्व होता है भारत देश मे पैदा हुए वीर पुरषों पर जिन्होंने अपना बलिदान देकर भारत देश को आजाद कराया

में नमन करता हु उनके चरणों को जिन्होंने हमे गुलाम होने से बचाया में

में नमन करता हु बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी को जिन्होंने भारत का संविधान लिखकर देश मे कानूनी व्यवस्था लागू की
में नमन करता हु सभी देश के वीर जवानों को जो रात दिन सीमा पर खड़े रहकर हमारी हिफाजत करते है
में नमन करता हु उन माताओ को जिन्होंने इतने बहादुर वीर पुरषो को जन्म दिया

**लेखक - जसवीर सिंह**
**दैनिक समाज जागरण**



# क्रूरता की मिसाल हावड़ा में, पानी की टंकी में फेंककर 4 दिन के बच्चे की किया गया हत्या

**समाज जागरण हावड़ा (सुमित पालित)**

हावड़ा(बंगाल), मानव क्रूरता का शिकार हुआ चार दिन का बच्चा हावड़ा के टिकियापारा के श्रीनाथ पारले लेन के दंपति के इस नन्हे बच्चे का जन्म हावड़ा अस्पताल में 3 अगस्त को हुआ था. नवजात बच्चे के साथ गृहिणी को अस्पताल से छुट्टी मिल गई थी. 3 अगस्त।4 अगस्त को अचानक से नवजात गायब हो गया। काफी पैसे की तलाश करने के बाद भी उनका कोई पता नहीं चला और आखिरकार उन्होंने हावड़ा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। कल नहाते समय गृहिणी को दुर्गंध आ रही थी कुछ समझ न आने पर पड़ोस के लोगों को इसकी जानकारी दी तो आस-पड़ोस के लोगों ने तलाशी ली तो घर की पानी की टंकी में नवजात का शव तैरता मिला, और उसमें से बदबू आ रही थी।उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई, पुलिस ने आकर शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए ले लिया।पुलिस ने नवजात जेठू जेठिमा को गिरफ्तार कर लिया और माता-पिता से अलग-अलग पूछताछ की गई। छोटे बच्चे की बेरहमी से मौत क्यों हुई ?पुलिस ने शुरू किया।

# *63 स्मॉलकैप शेयरों में दिखी 10-66% की तेजी, जानिए आज कैसी रह सकती है बाजार की चाल*

*कारोबारी हफ्ते की समाप्ति के अंत में सेंसेक्स 817.68 अंक यानी 1.42 फीसदी की बढ़त के साथ 58,387.93 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 239.25 अंक यानी 1.39 फीसदी की 17,397.5 के स्तर पर बंद हुआ था*

संजीव-नी ।
तन्हाइयों में बुलंद रखो हौसले।

अजनबी से मिलते हो, रखो फासले,
तन्हाइयों में हो, बुलंद रखो हौसले।

परिंदे पालने का गर शौक हो बहुत,
मजबूत भी परिंदों के रखो घोंसले।

दर्द का दरिया सहज नहीं है पार करना,
कांटो पर चलने के हमेशा रखो सिलसिले।

ऊंचाई पर पहुंचकर ठहरना हो अगर,
हौसलों और मंसूबों के बना के रखो किले।

आज की आपाधापी में ना चैन है ना सुकून,

## लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास चिकित्सा प्रकोष्ठ के संघठन विस्तार को लेकर किया गया बैठक।

**समाज जागरण जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार**

अरवल : लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई लोकसभा के लोकप्रिय युवा सांसद चिराग पासवान के निदेर्शानुसार प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक राजू तिवारी के मार्गदर्शन में अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास चिकित्सा प्रकोष्ठ के संगठन विस्तार को लेकर अरवल जिला मुख्यालय के होटल अशोक में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अजय कुमार ने लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के नेता डॉक्टर शशि कुमार को अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी



रामविलास चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोनीत किया, इस मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए डॉक्टर अजय कुमार ने कहा कि सांसद चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन को अपार जनसमर्थन के लिए चिकित्सक समुदाय अधिक से अधिक लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के संगठन से जुड़कर सांसद चिराग पासवान के हांथो को मजबूत करें। जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन बिहार के आमलोगों के विकास का रोड मैप है। समीक्षात्मक बैठक में जिला महासचिव राजेन्द्र यादव, अरवल विधानसभा के संगठन अध्यक्ष रमेश रजक, जिला महासचिव रामानन्द भगत, जिला उपाध्यक्ष दीपक पासवान, जिला सचिव भीम पासवान, जिला सचिव सुनील कुमार, छात्र प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार, अनुरंजन कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मुख्य रूप से शामिल

## हर घर तिरंगा मुहिम की शुरूआत पटना उच्च न्यायालय के माननीय निरीक्षक न्यायाधीश महोदय द्वारा तिरंगा वितरित कर की गयी।

**अनिल कुमार मिश्र ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण औरंगाबाद**

औरंगाबाद (बिहार) 07 अगस्त 2022 :- पटना उच्च न्यायालय के माननीय निरीक्षी न्यायाधीश श्री राजीव राय द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत) आयोजित किये जा रहे "हर घर तिरंगा मुहिम के तहत" विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारम्भ आज प्राधिकार के प्रांगन में अर्द्ध विधिक स्वयं सेवकों को तिरंगा वितरित कर किया। माननीय निरीक्षी न्यायाधीश महोदय द्वारा तिरंगा वितरण के समय काफी हर्षोल्लास का वातावरण का अहसास हुआ। सभी पारा विधिक स्वयं सेवकों द्वारा माननीय निरीक्षक न्यायाधीश महोदय से तिरंगा पाकर काफी प्रोत्साहित नजर आयें, और इस अभियान की व्यापक सफलता तथा अपने क्षेत्र में इस अभियान को व्यापक तौर पर चलाने की बात कही। तिरंगा वितरण कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश श्री कृष्णकान्त त्रिपाठी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी, प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर उपस्थित रहें।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर ने बताया कि 13 अगस्त से 15 अगस्त



तक मनाये जाने वाले आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को लेकर प्राधिकार कई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है जिसकी शुरूआत आज से माननीय निरीक्षी न्यायाधीश महोदय के कर कमलों द्वारा तिरंगा वितरण कार्यक्रम से शुरूआत हुई हैं।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर ने आगे कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए जागरूकता लाने के उद्देष्य से दिनांक 08.08.2022 को व्यापक पैमाने पर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया है, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग एवं एन0सी0सी0, स्काउट गाईड्य तथा अन्य विभाग के लोग संयुक्त रूप से आयोजित तिरंगा रैली में शामिल होगें। यह तिरंगा रैली व्यवहार न्यायालय परिसर से शुरू होकर रमेश चैक होते हुए महाराणा प्रताप चौक तक जायेगी और पुनः व्यवहार न्यायालय में आकर समाप्त होगी। इसके उपरान्त प्राधिकार के स्वयं सेवक अपने-अपने क्षेत्र में घर घर जाकर तिरंगा लगाने हेतु लोगों को प्रेरित करेंगें और जागरूक करेंगें।

सचिव ने प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉकि मीडिया एवं सम्बन्धित लोगों से यह अपील किया है कि वे अपन-अपने स्तर से भी लोगों को इस मुहिम में शामिल होने हेतु प्रेरित करें, तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम में शामिल होकर आजादी के अमृत काल को हर्षोर्लास पूर्वक मनायें

## भाईचारे की दिखी मिसाल, मंदिर की निगरानी कर रहा मुस्लिम युवक सल्लू खान

### मोहर्रम के मिट्टी जुलूस लेने के वक्त, सल्लू खान आपसी भाईचारा का दे रहा था संदेश।

**दैनिक समाज जागरण**

औरंगाबाद : -शनिवार की रात्रि मुस्लिम समुदाय सातवी मोहर्रम के मौके पर पठान टोली, कुरैशी, अलीनगर, आजाद नगर, अंसार बाग, सेठ जी चौक, इस्लाम टोली मोहल्ला विभिन्न मोहल्ले से लोगों ने केला मिट्टी लाने के लिए शहर के जमा मस्जिद से आपसी भाईचारा से केला मिट्टी लेने के वक्त रास्ते में पड़ने वाली मंदिरों पर पैगाम ए इंसानियत के मुस्लिम समुदाय के अध्यक्ष मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान के नेतृत्व में धर्मशाला स्थित गणेश मंदिर शाहपुर रोड जाने वाली गिलन कब्रिस्तान के पास हनुमान मंदिर के पार अध्यक्ष सल्लू खान की सराहनीय काम की पहल जो की है वह सभी धर्म के लोग तारीफ कर रहे हैं। सल्लू खान मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए भाईचारा का संदेश से लेकर धर्म स्थल की भी निगरानी अपने स्तर से कर रहे हैं। अपने सहयोगियों का सहयोग लेकर मोहर्रम की जुलूस ले जाने के क्रम में मंदिर की निगरानी कर रहे हैं। वहीं नगर थाना गश्ती



कर रही थी। थानाध्यक्ष सतीश बिहारी अप्पर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार अपने दल बल के साथ जुलुस पर काफी निगाह रखे हुए थे। मुस्लिम समुदाय के वार्ड परिषद सिकंदर हयात, मोहम्मद युसुफ आजाद अंसारी, मोहम्मद इबरार, औरंगजेब खान, शहाबुद्दीन उर्फ नन्हे, पठान टोली के उस्ताद टिक्का खान, कुरैशी मोहल्ला के उस्ताद मो. जमाल उद्दीन कुरैशी, आजाद नगर के मोहम्मद असलम अंसार बाग के मो. राजू खान, भारत में धर्म के नाम पर लड़ने और कटने मरने वाले लोगों की गिनती कम नहीं है लेकिन अपने मजहब की दीवार से ऊपर उठकर दूसरे मजहब के लिए आवाज उठाने वाले चंद ही लोग मिलेंगे। हिन्दू हो या मुस्लिम यहां रहने वाले हमेशा हर शक्स पहले शांति और प्रेम से रहता है। मुस्लिम समुदाय के सल्लू खान मुहर्रम पर्व के मौके सल्लू खान ने ऐसा काम मंदिर के निगरानी के लि अपने सहयोगी के साथ शनिवार की रात में एक तरफ बरसात का पानी हो रहा है दूसरी तरफ सल्लू खान अपने मुस्लिम समुदाय के जुलूस को ले कर मंदिर की निगरानी करने कोई कसर नहीं छोड़ी। मुस्लिम समुदाय के लोग खुद भी पूरी तरीका से शांति का संदेश देने में कोई भी बाज नहीं आए।

## शिक्षक संघ बिहार के राज्यस्तरीय जूम मीटिंग में विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा

**समाज जागरण**

छपरा (सारण) शिक्षक संघ बिहार का राज्यस्तरीय जूम मीटिंग प्रदेश अध्यक्ष केशव कुमार के नेतृत्व में सम्पन्न हुई जिसमें शिक्षकों के समस्याओं एवं मांगों पर प्रदेश और जिला कमेटी के सदस्यों ने विस्तृत विचार विमर्श किया।

प्रदेश अध्यक्ष केशव कुमार ने संघ की मजबूती हेतु संगठन विस्तार के साथ समस्याओं के निदान के लिए कार्यक्रम करने की राय बैठक में सामिल शिक्षकों से कहीं।

प्रदेश कोषाध्यक्ष कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने संघ की मजबूती के लिए कोष कार्यक्रम और कार्यालय पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

प्रदेश सचिव आशुतोष चौधरी ने सरकार की कथनी और करनी में अंतर को लेकर सरकार की तीव्र निन्दा की। प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि यह सरकार नियोजित शिक्षकों को शोषण कर रही है।

आजादी के अमृत महोत्सव में शिक्षकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की बात कहते हुए बच्चों एवं अभिभावकों को भी प्रेरित करते हुए राष्ट्रीय तिरंगा झंडा को विद्यालय के



साथ हर घर पर फहराने की बात बैठक में सामिल शिक्षक नेताओं ने कही। समस्याओं में मुख्य रूप से प्रतिमाह वेतन भुगतान 15 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी का एरियर, स्नातक ग्रेड में प्रमोशन, महंगाई को देखते हुए प्रधानमंत्री पोषण योजना की राशि में बढ़ोतरी, पूर्व की भांति आय- व्यय का संचालन, रसोइया के मानदेय में बढ़ोतरी के साथ अन्य मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने की बात सर्व सम्मति से बैठक में लिया गया। इन सभी समस्याओं और मांगों को लेकर आगामी मंगलवार को पुनः जूम मीटिंग के माध्यम से डेट तय किया जाएगा। मीटिंग में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष केशव कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, प्रदेश कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, प्रदेश सचिव आशुतोष चौधरी, सारण जिलाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह, रोहतास जिला अध्यक्ष उत्तम पाण्डेय, लखीसराय जिलाध्यक्ष मनोज कुमार,शिवहर जिलाध्यक्ष उमेश तिवारी, मोतिहारी जिलाध्यक्ष सतीश कुमार, दरभंगा महासचिव रामबाबू पासवान,रुबी सिंह, आशुतोष अंशु,लालनरायण जी मुख्य रूप से शामिल हुए।

## खो खो खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

स्थानीय सूर्यगढ़ा बाजार स्थित संत मैरी इंग्लिश स्कूल में रविवार को द्वितीय खो-खो प्रतियोगिता का फाइनल मैच का आयोजन किया गया एवं उक्त आयोजन को लेकर लखीसराय जेल जिला खेल पदाधिकारी परिमल जी एवं मुख्य अतिथि के रुप में सूर्यगढ़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अखिलेश कुमार शामिल हुए तथा उक्त खेल प्रतियोगिता के आयोजन की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई सूर्यगढ़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर अखिलेश कुमार एवं जिला खेल पदाधिकारी परिमल जी एवं अन्य विशिष्ट अतिथि के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया एवं उक्त कार्यक्रम में सूर्यगढ़ा प्रखंड क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में प्रतियोगिता की शुरूआत की गई एवं रविवार को प्रतियोगिता को लेकर सूर्यगढ़ा प्रखंड क्षेत्र से कुल 8 टीम शामिल हुई जिसमें संत मैरी इंग्लिश स्कूल सेंट्रल स्कूल सूरजगढ़ा परियोजना हाई स्कूल एवं मदर टेरेसा स्कूल समेत कुल 8 टीम बनाए गए हैं प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों में से पहले क्वार्टर फाइनल तत्पश्चात सेमीफाइनल एवं अंतिम दौर में फाइनल प्रतियोगिता खेल खेली गई कुल 8 टीमों में से विजेता टीम को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा अगर जिला प्रतियोगिता में भी टीम अगर प्रथम स्थान पर आती है दूसरे राज्य स्तर पर भी खेले जाने का मौका दिया जाएगा खो खो खेल प्रतियोगिता सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल बच्चे भी इसमें शामिल हो सकते हैं

## कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी, अग्निवीर योजना वापसी, व औरंगाबाद जिला को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने को लेकर महागठबंधन द्वारा जबरदस्त व आक्रोशपूर्ण विरोध मार्च निकाला गया।

**केशव कुमार सिंह ,दैनिक समाज जागरण औरंगाबाद**

औरंगाबाद (बिहार) 07 अगस्त 2022:- कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी, अग्निवीर योजना वापसी, व औरंगाबाद जिला को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने को लेकर महागठबंधन द्वारा जबरदस्त व आक्रोशपूर्ण विरोध मार्च निकाला गया।विरोध मार्च गांधी मैदान से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए रमेश चौक पहुँचा ,जहाँ नुक्कड़ सभा किया गया। सभा को सभी महागठबंधन दल के नेताओं भाकपा माले जिला सचिव कॉम मुनारिक राम ,फखऊ के जिला अध्यक्ष सुरेश मेहता ,उढक जिला सचिव कॉम उपेन्द्र शर्मा ,ओबरा विधायक माननीय ऋषि कुमार, गोह विधायक भीम यादव, नवीनगर विधायक मननीय डब्लू सिंह ,रफीगंज विधायक माननीय नेहालुदीन किसान महासभा के राज्य परिषद सदस्य कॉम जनार्दन प्रसाद ,माले नेता चंद्रमा पासवान, रामयोध्या पांडेय, अ़र जिलाध्यक्ष योगेंद्र कुमार, नौजवान सभा के जिलाध्यक्ष कॉम गुड्डु चंद्रवंशी, उढट जिला सचिव कॉम महेंद्र यादव, फखऊ नेता इंदल यादव शंकर यादव कांग्रेश जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह, महेन्द्र यादव, माले नेता कॉम राजकुमार भगत, कॉम कामत यादव संजय तेज इत्यादि नेताओं ने संबोधित किया।



नेताओं ने कहा कि आज कमरतोड़ महंगाई बेरोजगारी से आम जनता कराह रही है औरंगाबाद जिले में मौसम के बेरुखी के कारण अभी तक मात्र 25 प्रतिशत ही धान की रोपाई हो पाई है पूरे जिला सुखाड़ के चपेट में है इसलिए तत्काल जिले को सुखाड़ घोषित करते हुए किसानों को राहत पहुँचाई जाय। आजतक के इतिहास में डीजल पेट्रोल शतक पार नहीं किया था घरेलू गैस सिलेंडर इतनी महंगी हो गई है कि आम जनता कराह रही है उज्वला योजना का ढिंढोरा पीटकर गरीबो को सिलेंडर तो उपलब्ध कराई गई परन्तु गैस सिलेंडर की कीमत अबतक के रिकॉर्ड तोड़ 1150 रुपये कर दिया गया जिससे गैस खरीदने में गरीब परिवार को तो छोड़ दीजिए माध्यम वर्ग के परिजनों को भी रुलाई आ रही है।जबकि केंद्र में भाजपा सरकार इन्हीं महत्वपूर्ण मुद्दों के साथ सत्ता में आई थी और आज ये बुनियादी व महत्वपूर्ण मुद्दे इनके एजेंडा से गायब हो गई है। देश के सीमाओं पर जान कुर्बान कर हमें देशवासियों को सुरक्षित रखने वाले सेना के जवानों को भी अब ठेके पर नौकरी करने पर मजबूर किया जा रहा है।अग्निवीर योजना इसी का पतिक है ये देश के नौजवानों के साथ धोखा देने का काम किया जा रहा है इसलिए अग्निवीर योजना तत्काल वापस लेते हुए पूर्व की भांति स्थाई नौकरी दिया जाय। उपरोक्त आश्य की जानकारी महागठबंधन की ओर से शोशलमीड़िया के माध्यम से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गयी है।

## रंग लाया कांग्रेसी नेताओं का आंदोलन, सदर अस्पताल औरंगाबाद में अल्ट्रासाउंड सेवा बहाल, कांग्रेस नेताओं ने डीएम को दी बधाई

### डीएम के एक्शन के बाद सदर अस्पताल में चालू हुए 02 वर्षो से विगड़े अल्ट्रासाउंड,कांग्रेस नेताओं ने डीएम को कराया था अवगत

**अनिल कुमार मिश्रा ,ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

औरंगाबाद ( बिहार) 07 अगस्त 2022 :- आखिरकार कांग्रेस नेताओं का प्रदर्शन रंग लाई और सदर अस्पताल में 02 वर्षो से बंद पड़े अल्ट्रासाउंड की सुविधा पुनः डीएम द्वारा.चालू करा दिया गया है। बता दें कि सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड का सेवा नहीं मिल पा रही थी, जिससे खासकर प्रसव के दौरान महिलाओं का काफी कठिनाई का सामना करने पड़ रहे थे और गरीब भी अल्ट्रासाउंड के सेवा से वंचित थे। अस्पताल में अल्ट्रासाउंन नहीं हो पाता था जिसको लेकर सिविल सर्जन सदर अस्पताल के खिलाफ राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड के सदस्यों ने कांग्रेस नेता मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान के नेतृत्व में सदर अस्पताल स्थित धरना प्रदर्शन -प्रदर्शन किया। सदर अस्पताल की समस्या को लेकर आए दिन सल्लू खान आंदोलन करते आ रहे है और सदर अस्पताल मे अल्ट्रासाउंड को.चालू कराने के प्रति खड़े थे। दो सालों से सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहा था। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की समस्या को लेकर कांग्रेस नेता सल्लू खान डीएम सौरभजोर वाल से मिलकरसदर हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउंड के अभाव में उत्पन्न समस्या से अवगत कराया था जिसको लेकर डीएम ने अविलंब सिविल सर्जन कुमार वीरेंद्र प्रसाद, राज स्वास्थ्य समिति के प्रबंधक कुमार मनोज, सदर अस्पताल के प्रबंधक हेमंत कुमार, सदर अस्पताल के तत्कालीन उप अधीक्षक विकास कुमार को अल्ट्रासाउंड चालू कराने को कहा था और अल्ट्रासाउंड को चालू नहीं कराने पर कार्रवाई की बात कही थी। डीएम ने अल्ट्रासाउंड चालू कराने को लेकर सल्लू खान को आश्वासन दिया था कि मैं जल्द से जल्द चालू करवा दूंगा। डीएम के



एक्शन के बाद सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन बनाने के लिए बाहर भेजी गई थी। दो सालों तक सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड बंद पड़ा। कांग्रेस नेता सल्लू खान समेत लोग आंदोलन नहीं करते तो अल्ट्रासाउंड की समस्या भी डीएम को पता भी नहीं चलता। सदर अस्पताल में वरीय अधिकारी को भी इसकी जानकारी थी, मगर किसी ने इसे संज्ञान नहीं लिया था। गरीब मरीज जांच के लिए भटक रहे थे परंतु स्वास्थ्य विभाग के.अधिकारियों को इससे कोई लेना-देना नहीं था। सल्लू खान ने कहा कि सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड चालू होने से जरूरत मंद लोगों को सदर अस्पताल में ही अल्ट्रासाउंड होगा, जिससे खासकर प्रसव बेदना से ब्यथित महिलाओं का लाभ मिलेगा और ऐसी हलातो में उन्हें अल्ट्रासाउंड के लिए बाहर जाना नहीं पड़ेगें ,वहीं गरीब मरीज का जान बचेगी। डीएम ने जो गरीबों के लिए संज्ञान लेकर अल्ट्रासाउंड चालू कराया। उन्होंने सिविल सर्जन से लेकर सारे स्वस्थ विभाग के अधिकारियों को अल्ट्रासाउंड चालू कराने को लेकर दबाव बनाए हुए थे और हम लोगों की समस्या को भी इन्होंने निदान किया। मरीजों को भी अल्ट्रासाउंड की सुविया मिलने पर काशी खुशी जाहिर की। सल्लू खान ने डीएम को बधाई दिया।

सल्लू खान्न ने कहा डीएम ने कहा कि आप लोग शहर की समस्या मुझे अवगत कराइए मैं उसे हर संभव निदान का प्रयास करूंगा। मैं हमेशा जनता की सेवा के लिए तत्पर हूं और आप लोग की वजह से शहर की समस्या मुझे मिलती है। अभी और औरंगाबाद के सदर अस्पताल में.समस्या हैं जिसको दूर करना बाकी है।

कांग्रेस नेताओं ने सिविल सर्जन कुमार वीरेंद्र प्रसाद, डीपीएम कुमार मनोज, सदर अस्पताल के प्रबंधक हेमंत कुमार, तत्कालीन सदर उप अधीक्षक डा. विकास कुमार को बधाई दिया। अमित कुमार सिंह, प्रकाश कुमार, अभिषेक कुमार, अन्ना खान, मुन्ना कुमार उर्फ छोटू, दीपक कुमार, पंकज कुमार सिंह, मोहम्मद राशिद, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद आसिफ सहित अनेको लोगों नें ऐसी पुनीत कार्यों के लिए डीएम को बधाई दिया है।

## सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कोचेइंश्वर महादेव मंदिर का दर्शन कियें।

**समाज जागरण जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार**

कोंच (गया) - प्रदेश के जाने-माने टिप्पणीकार व सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने कोंच स्थित कोचेंश्वर महादेव मंदिर का दर्शन किया। उन्होंने कहा है कि कोंच देश का प्राचीन एवं पवित्र स्थल है। यह स्थल महर्षि वाल्मीकि से जुड़ा हुआ है,एवं सर्वप्रथम महर्षि बाल्मीकि ने ही इस स्थल पर शिवलिंग की स्थापना किया था। उन दिनों यह क्षेत्र घने जंगलों से घिरा हुआ था। एक दिन महर्षि बाल्मीकि के गोद में एक शिकारी के तीर से घायल पक्षी क्रोंच आ गिरा। पक्षी की हालत देखकर ऋषि मर्माहत हुए ,और बाद में उसी पक्षी के नाम पर इस स्थान का नाम क्रोंच हुआ, जो कालांतर में अपभ्रंश होकर कोंच हो गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि, जिस पक्षी के नाम पर इस स्थल का नामकरण हुआ,आज वह पक्षी विलुप्त हो चुका है। यह एक इतिहास की मृत्यु है। आगे चलकर आदि गुरु शंकराचार्य ने यहां शिवलिंग की स्थापना किया, जिसकी पुष्टि मंदिर के शिलालेखों से होती थी। जनश्रुति के अनुसार भगवान श्री कृष्ण के पुत्र प्रद्युम्न भी इस मंदिर में कई बार पूजा अर्चना करने आए थे।

हजारों वर्षों से कोचेंश्वर महादेव मंदिर लोकआस्था का महकेंद्र है। सर्वप्रथम बुकानन ने 1809 में इस स्थल के पुरातात्विक महत्व



को दुनिया के सामने लाया। इस क्षेत्र में भगवान विष्णु, सूर्य, भगवान बुद्ध सहित अनेकों देवी -देवताओं की प्रतिमाएं विराजमान है। प्राचीन काल में यह क्षेत्र बौद्ध कला कीर्ति का केंद्र रहा था। 1996 में मंदिर की जीर्ण शीर्ण हालत देखकर तत्कालीन क्षेत्रीय विधायक रामाश्रय प्रसाद सिंह के प्रयास से इस मंदिर को पुरातत्व विभाग द्वारा अधिग्रहण कर लिया गया एवं मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया। सांस्कृतिक चेतना समिति के अध्यक्ष रामाधार शर्मा का कहना है कि पुरातत्व विभाग ने मंदिर के विकास के लिए छह योजना बनाई थी, जो आज तक अधूरी है। हिमांशु शेखर का कहना है कि आज पुरातत्व विभाग इस पौराणिक मंदिर को अनदेखा कर रहा है,एवं केंद्र सरकार द्वारा मंदिर के विकास के लिए दी जाने वाली राशि का बंदरबांट हो रहा है। यह एक जांच का विषय है कि पुरातत्व विभाग द्वारा अधिग्रहण करने के बावजूद भी छब्बीस वर्षों में इस पौराणिक स्थल का विकास क्यों नहीं हो सका ?

इस मंदिर में सावन के महीने में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है, लेकिन मंदिर के प्रांगण में पानी की भी व्यवस्था नहीं है। सावन माह के प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव का श्रृंगार दर्शन के लिए दूर-दूर से भक्तगण यहां आया करते हैं।

अनेकों प्राचीन व दुर्लभ मूर्तियां मंदिर में बिखरी पड़ी हुई है। ग्रामीण बीरेन्द्र शर्मा के अनुसार यह क्षेत्र जनप्रतिनिधियों के उपेक्षा का शिकार रहा है। यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं है। ग्रामीण जनता इस क्षेत्र को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग सरकार से कर रही है। मगध क्षेत्र में बौद्ध सर्किट की तरह शिव सर्किट को विकसित करने की आवश्यकता है।

## विद्युत विभाग में कार्यरत मानव बल का धरना प्रदर्शन 25 को

**पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया**

विद्युत विभाग में कार्यरत मानव बल आगामी 25 अगस्त को अपनी माँगो के समर्थन में धरना प्रदर्शन करेंगे। इसको लेकर गुलाबबाग जीरो माइल स्थित आईटीआई कॉलेज के परिसर में जिला के सभी मानव बल प्रगतिशील विद्युत कर्मी संयुक्त संघर्ष मोर्चा बिहार के तत्वाधान में एक बैठक आयोजित की गई। इस बाबत में बताया गया कि उनका मुख्य मांग है कि उन्हें भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतनमान 18000 से ₹21000 दिया जाए ईएसआई के तहत जो रुपया उनके मासिक वेतन से काटा जाता है उसके एवज में उन्हें कार्ड मुहैया कराया जाए ताकि उनके एवं उनके परिवार के लोगों का इलाज हो सके। वही एग्रीमेंट के तहत जो सुविधाएं उन्हें मिलनी चाहिए वह सुविधाएं नहीं मिल रही है और उनके का शोषण किया जा रहा है। सरकार और विभाग यह तय करें कि मानव बल किसके आदेश पर और किसके लिए काम करती है। इन्ही सब मांगों को लेकर विधुत विभाग के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा।

## खेल से एकता -अखंडता- सद्भावना -आपसी भाईचारा का भाव पनपता है - मुखिया विजेंद्र कुमार याद।

### अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र स्थित भलुआही एसएसबी कैंप द्वारा पब्लिक -पुलिस फ्रेंडशिप क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

**समाज जागरण वीरेन्द्र यादव ,जिला रिपोर्टर औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद (बिहार) 07 अगस्त 2022:- जिले के अति नक्सल प्रभावित देव प्रखंड का भलुआही स्थित एसएसबी कैंप द्वारा पब्लिक - पुलिस फ्रेंडशिप क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। एसएसबी के सहायक कमांडेंट और दुलारे पंचायत के मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष विजेंद्र कुमार यादव ने मैच का उद्घाटन किया। बहादुरडीह और भलुआहि एसएसबी कैंप के जवानों के बीच मैच खेला गया।टॉस जीतकर पहले एसएसबी कैंप के जवानों ने बल्लेबाजी करने



का फैसला लिया और निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट खोकर 124 रन का एक बड़ा लक्ष्य रखा।जवाब में उतरी बहादुरडीह की टीम ने 78 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।इस प्रकार भलुआही एसएसबी कैंप के जवानों ने 46 रन से मैच को जीत लिया। इस दौरान मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष विजेंद्र कुमार यादव ने कहा कि खेल से एकता -अखंडता- सद्भावना -आपसी भाईचारा का भाव पनपता है। खेल से शारीरिक विकास तथा मानसिक विकास भी होता है। मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि एसएसबी के द्वारा लगातार इस क्षेत्र के युवाओं को मुख्यधारा में रहने के लिए इस तरह के आयोजन किए जाते हैं।जिस से प्रभावित होकर युवा आज गांव से आगे बढ़कर स्टेट लेवल तक अपनी प्रतिभा को दिखा रहे हैं।

## प्रखंड जद यु कार्यकर्ताओ की बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण**

बनियापुर (सारण) बनियापुर जद यु कार्यकर्ताओ की बैठक अध्यक्ष शिव नरायण सिंह पटेल की अध्यक्षता मे हुई।जहा प्रखंड कार्यकारिणी समिति,बूथ अध्यक्ष,पंचायत अध्यक्ष की उपस्थिति मे संगठन मंत्री दीपक कुमार सिंह ने बूथ से लेकर बहार के कार्यकर्ताओ को जोड़ने,मोबाईल सत्यापन सहित कई मुद्दों पर चर्चा किया,वही आगामी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झंडोटोलन कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा किया गया।मौके पर डा मोहम्मद फिरोज सलाउद्दीन विनोद कुमार विकास चौबे प्रकाश राय सहित भारी संख्या मे कार्यकर्ता शामिल थे।

## कमर तोड़ मंहगाई के खिलाफ राजद और कांग्रेस का आक्रोश मार्च

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले के के,आर,के, हाई स्कूल के प्रांगण से रविवार को बड़ी संख्या में विभिन्न दलों के संगठनो के द्वारा मंहगाई के खिलाफ आक्रोश मार्च रैली निकाली जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद।

लखीसराय जिले के विभिन्न दलो के द्वारा आज बढ़ते कमर तोड़ मंहगाई के खिलाफ आक्रोश मार्च निकाला है जिसमें कांग्रेसी और राजद के बड़े नेताओं ने मिलकर बड़ी संख्या में मंहगाई के खिलाफ पैदल मार्च कर विरोध प्रर्दशन किया है। जो कि लखीसराय शहर के के.आर.के





मैदान से जिला समाहरणालय तक कार्यकताओं ने पैदल चल कर आक्रोश मार्च निकाला एंव वर्तमान सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की है। इस मार्च रैली प्रर्दशन में राजद के सूर्यगढ़ा विधायक प्रहलाद यादव अजय कुमार एमएलसी सहित अन्य विभिन्न दलों के नेता विमल कुमार, विनोद कुमार सहित सैंकड़ों की तादाद में लोग मौजूद रहे है।

इस संबंध में लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा राजद विधायक प्रहलाद यादव ने बताया कि वर्तमान सरकार के द्वारा जारी जीएसटी और मंहगाई की मार लागू की है वह कहीं से गरीब वर्ग , माध्यम वर्ग के लिए सही नहीं है भाजपा और जदयू की सरकार ने बढ़ते मंहगाई का जो बुनियाद ढ़ांचा लोगो पर दी है उससे जनजीवन अस्त्र व्यस्त्र हो गया है आज गेहूं चावल दही तथा नाना प्रकार के खाने की सामग्री पर जीएसटी लागू की गई है जिसके कारण दो रुपए की चीज आज दस रुपए मे बिक रहे है लेकिन लोगों की आमदनी इतनी कम है कि लोगों के आगे परोसे खाने से साग सब्जियां अनाज तक गायब हो गया है। ऐसे सरकार को अविलंब मंहगाई कम करनी चाहिए ताकि लोगो को राहत मिल सके।

## बजरंग दल का जिला स्तरीय बैठक की गई आयोजित

**समाज जागरण लखीसराय**

जिला विश्व हिन्दु परिषद बंजरग दल के द्वारा शहर के पचना रोड मोड़ महावीर घाट मंदिर मे जिला स्तरीय बैठक किया गया इस बैठक कि अध्यक्षता जिला सह मंत्री विहीप के शंभु कुमार सिन्हा एव जिला संह मंत्री विहीप के विभीषण केबट द्वारा किया गया इस बैठक का संचालन बजरंग दल के जिला संयोजक बंटी कुमार तथा मुख्य अतिथि के रूप में मुंगेर विभाग विहीप के मंत्री संजय कुमार उपस्थित।इस बैठक मे अखंड भारत संकल्प दिवस एवं स्थापना दिवस प्रत्येक प्रखंड मैं तिथि एवं प्रभारी का निश्चित किया गया 13 अगस्त को बडहिया प्रखंड मे,16 अगस्त को चानन प्रखंड मे ,17 अगस्त सूर्यगढ़ा



प्रखंड में ,10 लखीसराय नगर,18 रामगढ, लखीसराय प्रखंड , 13 तारीख पिपरिया प्रखंड ,14 हलसी प्रखंड मे तथा इस कार्यक्रम के प्रभारी साहिल सत्यम नवीन पाठक विश्वनाथ जी राहुल जी शंभू जी बंटी कुमार विभीषण केवट मनीष जी बालो जी दिनेश जी बनाये गये हैं। साथ ही चानन प्रखंड उपाध्यक्ष विश्व नाथ सिंह को बनाया गया है गुजन कुमारी को मातृशक्ति सह संयोजिका , भूपेंद्र कुमार को मुंगेर विभाग के समरसता प्रमुख,विभीपण केबट को विहीप जिला संह मंत्री, गौरम्मा सिन्हा को मातृशक्ति सह संयोजिका कि घोषणा दक्षिण बिहार प्रांत के द्वारा किए जाने पर कार्यकताओं द्वारा शुभकामना दिया गया। इस बैठक में सभी प्रखंड पालक अधिकारी का घोषणा किया गया और विहीप के विधि प्रकोष्ठ की बैठक तीन सितंबर को निश्चित किया गया। तथा इस बैठक में उपस्थित कार्यकर्तागण बंजरग दल के जिला संह संयोजक साहिल सत्यम, जिला गोरक्षा प्रमुख नवीन पाठक, विहीप के नगर मंत्री दिनेश केवट, बडहिया प्रखंड के सह संयोजक अमन कुमार, विधि प्रकोष्ठ के उपेंद्र प्रसाद सिंह, प्रखंड सह मंत्री कामेश्वर महतो,नगर सह संयोजक मनीष कुमार, वार्ड संयोजक राजू कुमार,वार्ड संयोजक बलराम कुमार वार्ड संयोजक चंदन कुमार, राहुल राज मिलन केंद्र प्रमुख सूर्यगढ़ा, सूरज मोरिया प्रखंड सह संयोजक सूर्यगढ़ा, रामप्रवेश साव, वार्ड संयोजक बादल कुमार, वार्ड सह संयोजक सुधाकर शंकर

## बाबा महाकाल डाक बम सेवा शिविर पीरपैंती।

**पीरपैंती समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय।**

लगातार 10 साल से डाक बम के लिए समर्पित बाबा महाकाल डाक बम सेवा के सदस्यों का अंतिम सोमावारी सेवा के लिए प्रस्थान ।शिविर में डाक बम की सेवा के लिए चाय, गर्म पानी, ठंडा पानी, फल ,सूखे मेवा इत्यादि का रात भर भलजोरी में कैंप लगाना गए। इस सेवा शिविर में में कम से कम एक सौ से ज्यादा युवा शामिल हैं ।इन सदस्यों में सोनू झा, हीरा पांडे, बबलू सोनी, गुड्डु शाह, प्रवीण वर्णवाल ,हरे राम शर्मा ,धीरज सोनी, कुंदन शाह, गणेश साह, कंचू राम, वरुण गोस्वामी इत्यादि शामिल है ।इन लोगों का कहना है कि डाक बम की सेवा करना बाबा पर जल अर्पण करने से भी अधिकतम पुण्य दाई होता है। हीरा पांडे और सोनू झा ने बताया कि डाक बम की सेवा से आत्म संतुष्टि मिलती है और बाबा बासुकीनाथ का आशीर्वाद ही मिलता है।

